शुक्रवार, 5 दिसम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 26 |
| आर्द्रता | 52% |
| सूर्योदय: 06:01 | सूर्यास्त: 16:52 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



2009 से अब तक अमेरिका ने 18,822 भारतीयों को किया निर्वासित, वर्ष 2025 में 3,258 : जयशंकर पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : फिक्र अधूरी रह जाती है और जिंदगी पूरी हो जाती है।

# रूस-भारत साझेदारी को नई दिशा देने दिल्ली पहुंचे पुतिन

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## रक्षा, ऊर्जा और व्यापार पर बड़े समझौतों की उम्मीद





एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत के बाद पीएम मोदी पुतिन के साथ एक ही कार में रवाना हुए

### प्रधानमंत्री मोदी ने रात्रिभोज दिया

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार शाम को करीब 27 घंटे के दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे। पुतिन के भारत पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यह दौरा करीब आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करने वाला है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है। भारत इस दौरे को कितनी अहमियत दे रहा है, यह इस बात से पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं पालम हवाई अड्डे पर गले लगाकर पुतिन का स्वागत किया और चार साल के अंतराल के बाद भारत आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेता हवाई अड्डे से मोदी की कार में निकले और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पहुंचे। करीब तीन महीने पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के बाद चीन के शहर तियानजिन में उन्होंने एक ही वाहन में साथ यात्रा की थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। आज शाम और कल उनके साथ होने वाली बातचीत को लेकर आशान्वित हूं। भारत-रूस मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है जिससे दोनों देशों के लोगों को बहुत लाभ हुआ है।'' मोदी ने शाम में रूसी राष्ट्रपति के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया। पिछले साल जुलाई में पुतिन ने भी प्रधानमंत्री की मॉस्को यात्रा के दौरान उनका इसी तरह का सत्कार किया था। इस अवसर पर मोदी के आधिकारिक आवास को रोशनी से जगमग किया गया था और फूलों से सजाया गया था। रात्रिभोज के दौरान दोनों नेताओं के बीच होने वाली बातचीत से शुक्रवार को होने वाली 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता के लिए माहौल तैयार होने की उम्मीद है, जिसमें दोनों मित्र देशों के संबंधों को और व्यापक बनाने के लिए कई ठोस परिणाम सामने आने की उम्मीद है।

### भारत, रूस ने माल एवं वाहनों की आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान समझौते पर किए हस्ताक्षर

भारत और रूस के सीमा-शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को माल और वाहनों की आवाजाही से जुड़ी आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान पर सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन से पहले सीबीआईसी के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी और रूस की संघीय सीमा-शुल्क सेवा की उप प्रमुख तातियाना मर्कुशोवा द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। आगमन-पूर्व सूचना साझा होने से सीमा-शुल्क विभाग को जोखिम आकलन, अग्रिम प्रक्रिया और तेज व सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। सीबीआईसी के अनुसार, इससे व्यापार सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा, भारत और रूस ने कृषि व्यापार को मजबूत करने तथा आधुनिक कृषि अवसरों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की।

### भूमि के बदले नौकरी 'घोटाला' मामले में लालू और अन्य पर आरोप तय करने संबंधी फैसला टला

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से जुड़े जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में आरोप तय करने संबंधी अपना फैसला बृहस्पतिवार को टाल दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश विशाल गोगने ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह मामले के आरोपियों की स्थिति की पुष्टि करने के बाद एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे। मामले में 103 आरोपियों में से चार की मौत हो चुकी है। न्यायाधीश गोगने ने विस्तृत सुनवाई के लिए मामले को आठ दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया।

### व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल के अगले हफ्ते भारत आने की संभावना

**नयी दिल्ली :** प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिका के अधिकारियों की एक टीम अगले सप्ताह भारत आ सकती है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा अहम मानी जा रही है क्योंकि भारत और अमेरिका इस समय समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

## पीएम मोदी ने पुतिन को रूसी भाषा में लिखी गीता का उपहार दिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रूसी भाषा में अनुवादित भगवद्गीता की प्रति भेंट की। यह भेंट दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान हुई, जिसने भारत-रूस संबंधों में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का नया आयाम जोड़ दिया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि गीता का ज्ञान और संदेश दुनिया भर में करोड़ों लोगों को प्रेरणा देता है और इसकी शिक्षाएं हर युग में मानवता को सही दिशा दिखाती हैं।

## भारत, रूस का सहयोग किसी के खिलाफ नहीं : पुतिन

**अमेरिका खुद रूस से न्यूक्लियर फ्यूल लेता है, फिर भी उपदेश देता है', ट्रंप की नीति पर पुतिन की कड़ी प्रतिक्रिया**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस का सहयोग किसी भी देश के खिलाफ नहीं है और इसका उद्देश्य सिर्फ दोनों देशों द्वारा अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है। पुतिन ने यह टिप्पणी भारत और रूस के प्रति अमेरिका के आक्रामक रुख की पृष्ठभूमि में की है। रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों के संदर्भ में पुतिन ने कहा कि कुछ ''तत्व'' रूस के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत की बढ़ती भूमिका को नापसंद करते हैं और ये तत्व राजनीतिक कारणों से भारत के प्रभाव को सीमित करने के लिए ''कृत्रिम बाधाएं'' खड़ी करने का प्रयास कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार शाम को एक निजी समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके देश का भारत के साथ ऊर्जा सहयोग काफी हद तक ''अप्रभावित'' है। रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत-अमेरिका संबंध पिछले दो दशकों में संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं और अमेरिका ने भारतीय सामान पर भारी 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जिसमें रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत कर भी शामिल है। रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका के आक्रामक रुख पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''कुछ बाहरी दबावों के बावजूद, न तो मैंने और न ही प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी, किसी के खिलाफ काम करने के लिए हमारी साझेदारी का इस्तेमाल नहीं किया।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अपना एजेंडा है, अपने लक्ष्य हैं, जबकि हमारा ध्यान अपने ऊपर है - किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि हमारा लक्ष्य अपने-अपने हितों, भारत और रूस के हितों की रक्षा करना है।'' रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने पर अमेरिका की आपत्ति को खारिज करते हुए पुतिन ने कहा कि अगर अमेरिका को रूसी ईंधन खरीदने का अधिकार है, तो भारत को भी यह विशेषाधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए।

## एसआईआर : बंगाल में अब तक मतदाता सूची से 52 लाख से अधिक नाम हटे

### मसौदा सूची से मृत, स्थानांतरित और 'लापता' मतदाता भी शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 52 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटने वाले हैं। चुनाव आयोग 16 दिसंबर को मसौदा सूची जारी करेगा। अभी तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कुल 52,99,663 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं होंगे। आयोग के अनुसार, राज्य में 23,48,095 मतदाताओं को मृत घोषित किया गया है, जबकि 18,55,302 मतदाता एक पते से दूसरे पते पर स्थानांतरित हुए हैं-इन दोनों श्रेणियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा, जिन मतदाताओं को फॉर्म दिया गया था लेकिन उन्होंने उसे वापस नहीं किया, उन्हें 'लापता' के रूप में चिह्नित किया गया है। ऐसे मतदाताओं की संख्या 9,42,162 है। बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को अब तक इन व्यक्तियों का कोई पता नहीं मिला। आयोग ने 1,22,303 डुप्लीकेट (फर्जी) मतदाताओं को भी चिन्हित कर सूची से बाहर कर दिया है। मृत, स्थानांतरण, लापात और डुप्लीकेट के अलावा 31,801 मतदाता 'अन्य' श्रेणी में रखे गए हैं, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इस श्रेणी में कौन-कौन आते हैं। अनुमान है कि कई लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं लिया और एन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं किया। आयोग के अनुसार, यह सूची अंतिम नहीं है और इसमें कुछ परिवर्तन संभव हैं। हालांकि, मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या में बदलाव की संभावना कम है। लापाता मतदाताओं का पता मिलने पर उनकी संख्या घट सकती है। चूंकि, मसौदा सूची प्रकाशन की समयसीमा बढ़ाई गई है, इसलिए आंकड़ों में बदलाव की गुंजाइश बनी हुई है।

## संग्रह की इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली एक साल में पूरे देश में शुरू हो जाएगी: गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टोल संग्रह की मौजूदा प्रणाली एक साल के भीतर समाप्त हो जाएगी और इसकी जगह एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली लेगी, जो राजमार्ग से गुजरने वालों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में कहा कि नयी प्रणाली 10 स्थानों पर शुरू की गई है और एक साल के भीतर पूरे देश में इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''मौजूदा टोल व्यवस्था खत्म हो जाएगी। टोल के नाम पर आपको रोकने वाला कोई नहीं होगा। एक साल के अंदर पूरे देश में 'इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन' लागू कर दिया जाएगा।'' गडकरी ने यह भी कहा कि फिलहाल देश भर में 10 लाख करोड़ रुपये की 4,500 राजमार्ग परियोजनाएं जारी हैं।

## तृणमूल एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालती तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाता : ममता



### कहा... 'गणना प्रक्रिया से डरें नहीं और सभी आवश्यक कागज जमा करें'

**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चाल' के तहत आगे बढ़ाया, और दावा किया कि अगर तृणमूल कांग्रेस सरकार इस प्रक्रिया में रूकावट डालती तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाता। इस दिन, ममता बनर्जी ने मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में एसआईआर विरोधी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार इतनी मूर्ख नहीं है कि वह जाल में फंस जाए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे एसआईआर के तहत गणना प्रक्रिया से न डरें, बल्कि अपने दस्तावेज दाखिल करें। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि देश भर में एसआईआर से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में से आधे से अधिक हिंदू हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा को आगाह करते हुए कहा कि वह जिस डाल पर बैठी है उसी को काट रही है। उन्होंने रैली में कहा कि एसआईआर से मत डरिए। अगर हमने इसकी अनुमति नहीं दी होती, तो वे राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा देते। क्या आप अमित शाह की चाल समझते हैं? हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। वे हमें भूखा नहीं मार सकते, ना ही हमारी संपत्ति ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में यह प्रक्रिया किये जाने से दहशत फैल गई है और भाजपा ने अपनी कब्र खुद खोद ली है। ममता ने कहा कि भाजपा विशेष गहन पुनरीक्षण पर धर्म के आधार पर राजनीति कर रही है। एसआईआर से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू हैं। जिस डाल पर आप बैठे हैं, उसे मत काटिये। उन्होंने यह भी दोहराया कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अनुमति कभी नहीं देंगी, न ही कभी निरूद्ध केंद्र बनने देंगी। मेरी गर्दन भी क्यों न काट दी जाए, किसी को भी बाहर नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी को हटाया जाता है, तो हम उसे कानूनी तौर पर वापस लाएंगे। बंगाल सुरक्षित और समावेशी बना रहेगा।

## तृणमूल ने विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से किया निलंबित

**आज या सोमवार को विधायक पद से दूंगा इस्तीफा और नई पार्टी बनाऊंगा : हुमायूं कबीर**

**बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े विधायक, ममता पर हत्या की आशंका जताई**



**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** तृणमूल कांग्रेस ने मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा करके विवाद खड़ा करने वाले विधायक हुमायूं कबीर को गुरुवार को पार्टी से निलंबित कर दिया है। तृणमूल ने कबीर के इस कदम को 'सांप्रदायिक राजनीति' करार दिया है। इस दिन, तृणमूल के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम ने कोलकाता में निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि इस फैसले पर मुख्यमंत्री ने मुहर लगायी है। हकीम ने कहा कि कबीर सांप्रदायिक राजनीति में लिप्त हैं और तृणमूल इसके सख्त खिलाफ है। तृणमूल कांग्रेस सांप्रदायिक राजनीति में विश्वास नहीं रखती। अब उनका पार्टी के साथ कोई संबंध नहीं है। हकीम ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी 'सांप्रदायिक उकसावे में विश्वास नहीं करती', और यह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में शांति बनाए रखने के लिए काम कर रही है। दूसरी तरफ, निलंबन की खबर तब सामने आई जब हुमायूं कबीर बहरामपुर में मुख्यमंत्री की एसआईआर विरोधी रैली के आयोजन स्थल पर बैठे थे, जहां तृणमूल ने उन्हें पहले आमंत्रित किया था। कबीर ने इसे जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है।उन्होंने कहा कि मुझे कोई पत्र नहीं मिला है। लेकिन मैं शुक्रवार या सोमवार को विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा। कबीर ने कहा कि उनका नया संगठन अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 135 सीट पर उम्मीदवार उतारेगा। सत्तारूढ़ पार्टी में लौटने से पहले कभी कांग्रेस, कभी तृणमूल और कभी भाजपा में रहे कबीर ने कहा कि बेलडांगा में छह दिसंबर का शिलान्यास कार्यक्रम रद्द नहीं किया जाएगा।उन्होंने चेतावनी के लहजे में कहा कि (शिलान्यास कार्यक्रम में) लाखों लोग शामिल होंगे। अगर प्रशासन हमें रोकने की कोशिश करेगा, तो एनएच-12 जाम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें चुप कराने के लिए उनकी हत्या भी की जा सकती है। कबीर ने कहा कि अगर उन्हें रोका गया, तो वह धरने पर बैठेंगे और 'गिरफ्तारी देंगे'। उन्होंने कहा कि उन्हें 'न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

### मुर्शिदाबाद दंगों की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा : ममता

पार्टी की इस कड़ी कार्रवाई के कुछ ही घंटे बाद, ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद की रैली में बिना नाम लिए कबीर पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद दंगों की राजनीति स्वीकार नहीं करेगा। यह सरज-उद-दौला की मिट्टी है, यहां सद्भाव है। हम सांप्रदायिक राजनीति नहीं करते और न इसे सहेंगे। उन्होंने कहा कि जिले की पहचान धार्मिक सद्भावना है और इसे किसी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर धर्म में गद्दार होते हैं। कुछ गद्दार पैसे लेकर चुनाव से पहले भाजपा की सेवा करते हैं। याद रखें, वे आपके दुश्मन हैं।

# इंडिगो की देश भर में 550 से अधिक उड़ानें रद्द

## उड़ानों में देरी और रद्दीकरण अगले दो से तीन दिनों तक जारी रहेंगे: इंडिगो





### इंडिगो को अगले साल 10 फरवरी तक उड़ान संचालन पूरी तरह बहाल होने की उम्मीद

**मुंबई/नयी दिल्ली/कोलकाता :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में परिचालन व्यवधान लगातार तीसरे दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। एयरलाइन की 550 से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया गया जबकि कई उड़ानें देर से रवाना होने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर 172 उड़ानों सहित विभिन्न हवाई अड्डों पर 550 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों के अनुसार मुंबई हवाई अड्डे पर कम से कम 118 उड़ानें रद्द हुईं, बेंगलुरु में 100, हैदराबाद में 75, कोलकाता में 35, चेन्नई में 26 और गोवा में 11 उड़ानें रद्द हुईं। अन्य हवाईअड्डों पर भी उड़ानें रद्द होने की सूचना मिली है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा, इंडिगो में रद्द उड़ानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जो प्रतिदिन लगभग 170-200 उड़ानों तक पहुंच रही है और यह सामान्य स्तर की तुलना में काफी अधिक है। देश के छह प्रमुख हवाई अड्डों- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद के संयुक्त आंकड़ों के आधार पर एयरलाइन की समयपालन दर बुधवार को गिरकर 19.7 प्रतिशत पर आ गई थी जबकि दो दिसंबर को यह 35 प्रतिशत थी। समय पर उड़ानों के संचालन के लिए चर्चित इंडिगो के उड़ान प्रबंधन में आई इतनी बड़ी गिरावट पर यात्रियों के साथ विमानन क्षेत्र के हितधारक भी सवाल उठा रहे हैं। इंडिगो हाल के दिनों में चालक दल की भारी किल्लत का सामना कर रहा है। दरअसल उड़ान ड्यूटी की सीमा तय करने वाले नए एफडीटीएल नियम लागू होने के बाद से ही एयरलाइन चालक दल की कमी का सामना कर रही है। नए नियमों के तहत पायलटों के लिए साप्ताहिक विश्राम समय बढ़ाया गया है और रात में लैंडिंग की संख्या सीमित की गई है ताकि उड़ान सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

### इंडिगो परिचालन को सामान्य बनाने में जुटी, समय पर संचालन का लक्ष्य आसान नहीं: सीईओ एल्बर्स

**नयी दिल्ली :** परिचालन संकट से गुजर रही इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमानन कंपनी का तात्कालिक लक्ष्य परिचालन को सामान्य करना एवं सेवाओं का समय पर संचालन करना है लेकिन यह कोई आसान लक्ष्य नहीं है। एल्बर्स ने कर्मचारियों को दिए संदेश में यह स्वीकार किया कि एयरलाइन ग्राहकों को हवाई यात्रा का अच्छा अनुभव प्रदान करने के अपने वादे पर खरी नहीं उतर सकी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले तीन दिनों से परिचालन संबंधी गंभीर व्यवधानों से जूझ रही है। बृहस्पतिवार को उसने 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं जबकि कई उड़ानें विलंबित रहीं। इस पृष्ठभूमि में जारी अपने संदेश में एल्बर्स ने कहा कि पिछले कुछ दिन इंडिगो के कई ग्राहकों और सहकर्मियों के लिए मुश्किल भरे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम प्रतिदिन करीब 3,80,000 ग्राहकों को सेवाएं देते हैं और चाहते हैं कि उनमें से प्रत्येक को अच्छा अनुभव मिले। हम पिछले कुछ दिनों में अपने वादे पर खरे नहीं उतर पाए और इसके लिए हमने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है।'' इंडिगो के सीईओ ने कहा कि छोटी-मोटी प्रौद्योगिकी गड़बड़ियां, समय-सारिणी में बदलाव, प्रतिकूल मौसम की स्थिति, विमानन परिवेश में बढ़ती भीड़ तथा हाल ही में जारी एफडीटीएल मानदंडों के कार्यान्वयन सहित कई परिचालन चुनौतियों ने परिचालन पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

### नागर विमानन मंत्री ने इंडिगो संकट पर की बैठक, जल्द परिचालन सामान्य करने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने इंडिगो में व्यापक परिचालन गतिरोध उत्पन्न होने पर गंभीर चिंता जताते हुए बृहस्पतिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की और विमान कंपनी को जल्द-से-जल्द परिचालन सामान्य करने का निर्देश दिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। नायडू ने साथ ही स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा स्थिति का हवाला देकर हवाई किराये में किसी भी तरह की बढ़ोतरी स्वीकार नहीं की जाएगी। इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को सूचित किया कि वह आठ दिसंबर से उड़ानों की संख्या कम करेगी और 10 फरवरी, 2026 तक पूरी तरह से स्थिर संचालन बहाल हो जाएगा।

### इंडिगो के बेवजह पायलट भर्ती पर रोक लगाने से हुई है समस्या: पायलट संगठन एफआईपी

**मुंबई :** पायलटों के संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने विमान कंपनी इंडिगो पर एफडीटीएल के पूर्ण कार्यान्वयन से पहले दो वर्ष की तैयारी अवधि मिलने के बावजूद बेवजह पायलट की भर्ती पर रोक लगाने जैसी अदूरदर्शी नियोजन गतिविधियां अपनाने का आरोप लगाया है। एफआईपी ने कहा कि उसने सुरक्षा नियामक डीजीसीए से आग्रह किया है कि वह विमान कंपनियों के मौसमी उड़ान कार्यक्रमों को मंजूरी न दे, जब तक कि उनके पास 'नई उड़ान ड्यूटी समय सीमा' (एफडीटीएल) मानदंडों के तहत अपनी सेवाओं को '' सुरक्षित एवं विश्वसनीय '' रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी न हों।

## सरकारी यू टर्न के बावजूद उठे सवाल

हाल ही में केंद्र सरकार ने निर्देश दिए थे कि आगामी वर्ष मार्च से हर नये स्मार्टफोन में 'संचार साथी' ऐप पहले इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। दूसरी ओर पुराने स्मार्ट फोनों में इसे सॉफ्टवेयर अपडेट द्वारा भेजा जाएगा। जिसको लेकर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी और शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बनाया। विपक्ष का कहना था कि इससे निजता का उल्लंघन होगा और व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। दरअसल, सरकार का कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है। लेकिन विपक्ष का आरोप था कि साइबर अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के नाम पर सरकारी हस्तक्षेप से नई तरह की असुरक्षा पैदा हो सकती है। बताया जाता है कि सरकार ने स्मार्टफोन में साइबर सुरक्षा ऐप इस तरह इंस्टाल करने को कहा था ताकि उसे डिलीट या अक्षम न किया जा सके। केंद्र की दलील थी कि यह ऐप उपभोक्ता को धोखाधड़ी वाले फोन और संदेशों की रिपोर्ट लिखवाने में मदद करता। साथ ही चोरी किए गए मोबाइल की बरामदगी आसान हो पाती। लेकिन निजी डेटा सुरक्षा व इसकी कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए गए, जिसके चलते इसका विरोध हुआ। वैसे सर्च इंजन में पहले से मौजूद इस ऐप को देश के लाखों लोग पहले ही स्वेच्छा से डाउनलोड कर चुके हैं। लेकिन इसको अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के आदेश के बाद विरोध के स्वर उभरने लगे। जिसके बाद विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसके जरिये व्यक्ति की निजता का अतिक्रमण करके उसके जीवन में ताक-झांक की जा सकती है।

हालांकि, विरोध के सुर मुखर होने के बाद सरकार की ओर से स्पष्टीकरण आया कि यह निर्णय वैकल्पिक है और कोई व्यक्ति इस ऐप को इच्छानुसार डिलीट कर सकता है। निस्संदेह, निजता हमारा मौलिक अधिकार है। ऐसे में किसी ऐप की अनिवार्यता से व्यक्ति की गोपनीयता में खलल पड़ने की आशंका जतायी जाने लगी। पिछले दिनों सरकार ने व्हाट्स ऐप व टेलीग्राम आदि कम्युनिकेशन ऐप्स संचालक कंपनियों से कहा था कि वे अपनी सेवा को मोबाइल के सिम कार्ड से जोड़कर रखें। ताकि सिम के बिना इन ऐप का दुरुपयोग न हो सके। जिसको लेकर टेलि-कम्युनिकेशन कंपनियों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया था। निस्संदेह, निजता का अधिकार देश में मौलिक अधिकार के रूप में मौजूद है। शीर्ष अदालत ने भी अपने एक निर्णय के जरिये स्पष्ट किया था कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 में 'राइट टू प्राइवेसी' में भी निहित है। जिसके अंतर्गत मोबाइल, इंटरनेट व डिजिटल जानकारियां भी शामिल हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों से इतर व्यक्ति को अपनी डिजिटल संप्रभुता की सुरक्षा का हक है। यही वजह है कि विगत में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि मोबाइल व निजी कंपनियां उपभोक्ता से आधार कार्ड नहीं मांग सकती। इस फैसले को तब निजता की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया था। यही वजह है कि 'संचार साथी' की अनिवार्यता के बाद निजता व व्यक्ति के डेटा में सरकारी दखल को लेकर सवाल उठने लगे। निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 दिसम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 24:57 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 11:46 तक, योग : सिद्ध, 08:02 तक, सूर्योदय: 06:01, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 17:07, चन्द्रास्त: 06:17, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 10:06 से 11:27

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को आज राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। इस दौरान आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा।

**वृष :** राशि से तृतीय भाव में बृहस्पति का अशुभ योग है। ऐसे में मनमुटाव और विरोध पैदा हो सकता है। हालांकि इस दौरान आपका दांपत्य जीवन सुखमय होगा।

**मिथुन :** आज उच्च राशि का चंद्रमा आपके पराक्रम की वृद्धि कर रहा है। धन ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**कर्क :** राशि स्वामी चंद्रमा एकादश भाव में संचार कर रहा है। यह किसी अंतर्विरोध को जन्म दे सकता है। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना होगा।

**सिंह :** आज वृष राशि पर चंद्रमा दशम का और प्रथम भाव में सिंह राशि गत केतु अभीष्ट सिद्धि कारक है। ऐसे में घर के लिए उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आज आपकी राशि से द्वादश केतु सप्तम राहु योग बना हुआ है। अतः आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

**तुला :** राशि पर अष्टम घर का चन्द्रमा एकादश भाव में केतु आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक :** राशि का स्वामी अपनी राशि का होकर प्रथम भाव में पुराने रोग ऋण से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें।

**धनु :** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि पर वक्री है अतः गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी।

**मकर :** आपकी राशि पर तृतीया शनि सप्तम गुरु का प्रभाव है। नवम भाव में केतु विवेकपूर्ण कार्य संपादन रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

**कुम्भ :** राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है।

**मीन :** आज आपकी राशि से चन्द्रमा तृतीया लक्ष्मी विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

# संचार साथी ऐप: अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की



ललित गर्ग

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। सरकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों, तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को 'निष्ठा परीक्षण', 'मनोवैज्ञानिक निगरानी' और 'गोपनीयता हनन' का उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।

सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाज़ा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज़ की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तु-स्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वतः समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएँ जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अतः संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है। इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, परंतु रचनात्मक आलोचना, जिसमें सुधार की मांग होती है, न कि केवल अस्वीकरण। यदि राजनीतिक वर्ग इस बहस को इसी दिशा में ले जाए, तो संचार साथी ऐप न केवल विवादित विषय रहेगा बल्कि डिजिटल सुरक्षा के लिए नागरिक-हितकारी उपकरण के रूप में स्थापित भी होगा।

निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके। अंततः यह समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और निजता-दोनों अनिवार्य हैं। चुनौती इन्हें संतुलित करने की है, न कि किसी एक को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने की। यदि यह संतुलन नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ बने, तो संचार साथी ऐप देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा का सेतु बन सकता है। विरोध की राजनीति नहीं, समझ और समाधान की राजनीति आज की आवश्यकता है, यही इस ऐप की वास्तविकता और उपयोगिता को समझने की दिशा है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार




# जिन्होंने कुछ खास हासिल नहीं किया, वे रोहित-कोहली के भविष्य का तय कर रहे हैं: हरभजन

**शारजाह :** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को यह दुर्भाग्यपूर्ण लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों का भविष्य ऐसे लोग तय कर रहे हैं जिन्होंने अपने करियर में कुछ खास हासिल नहीं किया है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि यह जोड़ी 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेलती रहेगी। रोहित 38 वर्ष के हैं और विराट कोहली 37 वर्ष के तथा यह दोनों अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं। वह वनडे विश्व कप तक खेलते रहेंगे या नहीं इसको लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और




चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने इस बात पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है कि यह दोनों वनडे विश्व कप तक खेलते रहेंगे या नहीं। हरभजन ने यहां कहा, ''यह मेरी समझ से परे है। मैं इसका जवाब नहीं दे पाऊंगा क्योंकि मैं खुद एक खिलाड़ी रहा हूं और जो मैं देख रहा हूं वह मेरे साथ भी हुआ है। मेरे कई साथियों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इस बारे में बात नहीं करते या इस पर कोई चर्चा नहीं करते।'' भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में 417 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कोहली और रोहित के साथ किए जा रहे व्यवहार के संदर्भ में कहा, ''जब मैं विराट कोहली जैसे खिलाड़ी को देखता हूं जो अभी भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है तो मुझे बहुत खुशी होती है। यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे लोग उनके भविष्य के बारे में फैसला कर रहे हैं जिन्होंने अपने करियर में कुछ खास हासिल नहीं किया है।'' वनडे विश्व कप में अभी एक समय साल से भी अधिक समय है लेकिन हरभजन ने रोहित और कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि वे इस विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में रहेंगे और अगली पीढ़ी के लिए मानक स्थापित करेंगे। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में घरेलू मैदान पर लगातार दो शतक लगाए हैं, जबकि रोहित ने पिछली चार पारियों में दो अर्द्धशतक और एक शतक लगाया है।

## ईस्ट बंगाल ने पंजाब एफसी को हराकर सुपर कप फाइनल में प्रवेश किया

**मडगांव :** ईस्ट बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां पंजाब एफसी को 3-1 से हराकर तीसरे एआईएफएफ सुपर कप फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मोहन बागान एसजी से आईएफए शील्ड में मिली करीबी हार के बाद यह इस सत्र में ईस्ट बंगाल का दूसरा फाइनल है। ईस्ट बंगाल ने 12वें मिनट में मोहम्मद बशीम राशिद के गोल से बढ़त बनाई जिसके बाद डेनियल रामिरेज ने 34वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से बराबरी का गोल किया। लेकिन केविन सिबिल (45+3वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले



गोल किया। फिर कप्तान सॉल क्रेस्पो ने 71वें मिनट में गोल कर ऑस्कर ब्रूजोन की टीम के लिए मैच अपने नाम कर लिया।

## शमी के चार विकेट से सेना को हराकर बंगाल शीर्ष पर



**हैदराबाद :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 13 रन पर चार विकेट से बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुशताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सेना को सात विकेट से हरा दिया। यह बंगाल की पांच मैच में चौथी जीत है और अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम 16 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने इसके साथ ही नॉकआउट में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत कर दिया है। आईपीएल नीलामी में उतर रहे ईश्वरन ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (29 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े जिससे बंगाल ने 166 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इससे पहले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए शमी ने 13 रन देकर चार जबकि आकाशदीप ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे सेना की टीम 18.2 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। ऋतिक चटर्जी ने भी 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। चोट के बाद वापसी करते हुए पंजाब के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या ने इस बार गेंद से प्रभावित करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट हासिल किया जबकि उनकी टीम बड़ौदा ने गुजरात को कम स्कोर वाले मैच में आठ विकेट से हराया।

## उत्तर प्रदेश की चंडीगढ़ पर जीत में चमके भुवनेश्वर और रिज्वी

**कोलकाता :** समीर रिज्वी के अर्धशतक के बाद भुवनेश्वर कुमार की धारदार गेंदबाजी से उत्तर प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ को 40 रन से हरा दिया। उत्तर प्रदेश के 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ की टीम भारतीय टीम से बाहर चल रहे भुवनेश्वर (23 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश ने इससे पहले रिज्वी की 42 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों से 70 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक (41 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों से 67 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की बदौलत सात विकेट पर 212 रन बनाए। सिद्धार्थ यादव ने भी रन आउट होने से पहले 12 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 28 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से तेज गेदबाज संदीप शर्मा ने 26 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा (61 रन, 35 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) ने एक छोर संभाले रखा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला।

## समरदीप सिंह गिल ने रिकॉर्ड थ्रो के साथ पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा जीती

**जयपुर :** समरदीप सिंह गिल ने बृहस्पतिवार को यहां खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल (केआईयूजी) की पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में अपने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय (एआईयू) के रिकॉर्ड में सुधार किया जबकि ईशा चंदर प्रकाश (महिला हेप्टाथलॉन) और पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर टीम ने मीट रिकॉर्ड तोड़ दिए। समरदीप ने इस साल एशियाई खेलों के दो बार के चैंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर को तीन बार हराया है। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के लिए अपने दूसरे प्रयास में 19.42 मीटर दूर तक थ्रो किया जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले गुरु काशी यूनिवर्सिटी के अनिकेत सिर्फ 18.08 मीटर की दूरी ही पार कर पाए। पिछला एआईयू रिकॉर्ड (18.76 मीटर) और केआईयूजी रिकॉर्ड (18.75 मीटर) अपने नाम करने वाले समरदीप इस साल शानदार फॉर्म में हैं और लगातार 19 मीटर से ऊपर थ्रो कर रहे हैं और जयपुर में भी यही कमाल दोहराया। समरदीप की साथी ईशा चंदर प्रकाश ने हेप्टाथलॉन में 4857 के स्कोर के साथ केआईयूजी रिकॉर्ड तोड़ दिया। 100 मीटर और 200 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी ओलंपियन अनिमेष कुजूर ने फिर केआईआईटी के लिए 40.09 सेकेंड के समय के साथ एक नया चार गुणा 100 मीटर मीट रिकॉर्ड बनाया।

## वर्ग पहेली नं. 3283



*बायें से दायें:-* 1) हड़कंप, 3) ईर्ष्यालु, 6) फैलाव 7) खटकना, 9) पैदाइशी, 11) तुरंत, 12) नये सिरे से सशक्त होना, 14) नाम का, 16) ज़्यादती; बहुत, 18) दुलार, 19) एक संख्या, 21) पाजेब, 22) अंतर्धान, 23) एक जलचर, 25) अपकीर्ति, 27) भीड़, 28) तड़क फड़क.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ठूँसा हुआ, 2) ढालना *(आँसू)*; तैराना, 3) एक धातु, 4) डरना, 5) पचीसवाँ; चाँदी, 6) क़ानून, 8) दुबलाना, 10) सचेत अवस्था, 12) गिरफ़्त, 13) जानना, 15) रंज; शोक, 16) भारत का एक राज्य, 17) विकलांग, 20) तड़का, 22) घेड़े का मल, 24) एक गुजराथी नृत्यप्रकार, 25) उम्र में अधिक, 26) मधुर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3241

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 4 | | | |
| 8 | 3 | | | | | | 7 | |
| | 6 | 9 | 5 | | | | | 8 |
| 6 | | | | | | 1 | | 7 |
| | 9 | | | | | | | 3 |
| | | 4 | | | | | 6 | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | | 6 | 1 | 7 | 2 | | |
| | 4 | 6 | 8 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3240 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 7 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 |

# अब तक मैंने नहीं भरा एनुमरेशन फॉर्म : ममता



**मुर्शिदाबाद :** ममता बनर्जी ने गुरुवार को एक रैली में कहा कि अब तक उन्होंने अपना गणना फॉर्म नहीं भरा है। उन्होंने इसे लोगों के साथ एकजुटता का प्रतीक करार दिया। इस दिन, मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने यह अभी तक यह (गणना फार्म भरना) नहीं किया है। मैं यह तभी करूंगी, जब आप सभी के नाम शामिल हो जायें। मैंने हर बूथ पर 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं, ताकि लोगों की मदद की जा सके।

**❑ अल्पसंख्यक वोट विभाजन के खतरे को लेकर किया आगाह**

ममता बनर्जी ने अल्पसंख्यक मतदाताओं को वोट विभाजन के खतरे को लेकर आगाह किया। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में, उन्होंने हर सीट पर चालाकी से 4 स्वतंत्र (निर्दलीय) उम्मीदवार खड़े किये। इसका फायदा भाजपा को हुआ। अगर निर्दलीय उम्मीदवार वोट काटते हैं, तो नुकसान आपका होता है और फायदा उनका।

**❑ 'वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण नहीं होगा'**

ममता ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी है। ममता ने भ्रामक सूचनाओं के प्रसार की साज़िश को लेकर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 'कुछ खास समूह' यह गलत सूचना फैला रहे हैं कि भूमि अभिलेखों में मस्जिदों या कब्रिस्तानों को धार्मिक स्थलों के रूप में सूचीबद्ध किया जा रहा। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से कुछ असामाजिक तत्व वक्फ संपत्तियों के बारे में झूठ फैला रहे हैं। कुछ भी पुनर्वर्गीकृत नहीं किया गया है। एक भी वक्फ संपत्ति नहीं छीनी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लगभग 82,000 वक्फ संपत्तियों का डेटा पहले से ही केंद्र के पोर्टल पर मौजूद है, उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया है कि वक्फ संपत्तियों को जबरदस्ती नहीं लिया जा सकता। मुतवल्ली दस्तावेज अपलोड करेंगे और उन्हें राज्य को देंगे। डरने की कोई बात नहीं है।

**❑ ममता का आरोप, एआई का हो रहा है दुरुपयोग**

ममता ने कहा कि याद रखिए, अब एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का दुरुपयोग किया जा रहा है। मेरे चेहरे का इस्तेमाल उन बयानों के लिए किया जा रहा है, जो मैंने कभी दिये ही नहीं। नोटबंदी और भ्रष्टाचार से इन्होंने बहुत पैसा कमाया है। ये लूटते हैं और फिर 'झूठ' बोलते हैं।

**❑ 'अवैध घुसपैठ पर डर फैलाने की कोशिश'**

मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में अवैध रूप से लोगों के घुसने को लेकर डर फैलाने की कोशिश कर रही है। वहीं, केंद्र सरकार इस बात को स्वीकार नहीं कर रही कि सीमा पर इसे रोकना उसकी जिम्मेदारी है।

**❑ कटाव-रोधी परियोजना के लिए केंद्र की मंजूरी का इंतजार**

स्थानीय शिकायतों का समाधान करते हुए, ममता ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में नदी का कटाव बढ़ गया क्योंकि केंद्र सरकार फरक्का बैराज से गाद नहीं निकाल पाई। उन्होंने कहा कि हमें 700 करोड़ रुपये मिलने थे। गाद नहीं निकाली जा सकी। आम लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में 1,500 करोड़ रुपये की कटाव-रोधी परियोजना के लिए हम केंद्र की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। हमें कोई जवाब नहीं मिला है।

## हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद विवाद पर हाई कोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा के बाद तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर पर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अब मामला सीधे कलकत्ता हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। हुमायूं कबीर के प्रस्ताव को संविधान विरोधी बताते हुए एक जनहित याचिका दायर की गई है। यह याचिका अधिवक्ता सब्यसाची चक्रवर्ती ने दाखिल की है। हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल की डिविजन बेंच ने नियमानुसार याचिका दाखिल करने की अनुमति दी है। सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं है, लेकिन जल्द ही इस पर सुनवाई होने की संभावना जताई जा रही है। अधिवक्ता सब्यसाची चक्रवर्ती का कहना है कि इस तरह की घोषणा से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

# हाई कोर्ट ने उच्च प्राथमिक नियुक्ति में सुपर न्यूमेरेरी पद किया रद्द, ममता सरकार को झटका

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति मामले में मिली राहत के सिर्फ एक दिन बाद ही राज्य की ममता सरकार को बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उच्च प्राथमिक नियुक्ति में बनाए गए सुपर न्यूमेरेरी यानी अतिरिक्त शून्य पदों को पूरी तरह रद्द कर दिया है। गुरुवार को न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की एकल पीठ ने यह आदेश सुनाया। अदालत ने कहा कि नियमित नियुक्ति प्रक्रिया की तरह सुपर न्यूमेरेरी पद नहीं बनाए जा सकते। ऐसे पद केवल विशेष परिस्थिति में ही बनाए जाते हैं। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि राजनीतिक नैतिकता के सामने संवैधानिक नैतिकता कभी कमज़ोर नहीं होती। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने उच्च प्राथमिक स्तर पर कार्य शिक्षा और शारीरिक शिक्षा विषयों में प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति करने के लिए कुल 1,600 अतिरिक्त पद बनाने का निर्णय लिया था। इनमें 750 पद कार्य शिक्षा और 850 पद शारीरिक शिक्षा के लिए रखे गए थे। इस संबंध में मई 2022 और 14 अक्टूबर, 2022 को दो सरकारी विज्ञप्तियां जारी की गई थीं। इस दिन, अदालत ने दोनों ही विज्ञप्तियों को रद्द कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पैनल की वैधता समाप्त होने के बाद अतिरिक्त पद बनाना नियमों के खिलाफ है और समाप्त हो चुकी प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति देना बिल्कुल संभव नहीं है। उच्च प्राथमिक नियुक्ति से जुड़े अन्य मुद्दों पर सुनवाई अब जनवरी में होगी। राज्य के लिए यह फैसला इसलिए बड़ा झटका है क्योंकि सिर्फ 24 घंटे पहले ही हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को बरकरार रखते हुए सरकार को राहत दी थी।


**CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS**

**ई-निविदा सूचना**

राष्ट्रपति महामहिम भारत सरकार की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित किए जाते हैं: **a) निविदा संख्या:** EL/1607। **b) कार्य का नाम:** प्रशासनिक भवन, के.जी.एच., वर्क्स ऑफिस एवं अन्य भवनों में एयर कंडीशनिंग मशीनों/रेफ्रिजरेटरों के वार्षिक रख-रखाव (AMC) का कार्य। (वर्ष 2026–28)। **c) संविदा प्रकार:** कार्य। **d) निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित):** ₹69,03,627.33/- (उनहतर लाख तीन हजार छह सौ सत्ताईस रुपये और तैंतीस पैसे मात्र)। **e) निविदा प्रपत्र की लागत:** लागू नहीं। **f) बयाना राशि:** ₹1,38,100.00/- (एक लाख अड़तीस हजार एक सौ रुपये मात्र)। **g) पूरा होने की अवधि (महीनों में):** 36 (छत्तीस माह)। **h) बंद होने की तिथि:** 16/12/2025, समय 15:00 बजे। **नोट:** पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

PR7/255 DY.CEE/M/CLW/Chittaranjan

Like us on: www.facebook.com/clwrailways



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ डीईई/टीआरडी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसे **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या-1। निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-02आरटी4, दिनांक: 03.12.2025। कार्य का विवरण:** सांतरागाछी: सांतरागाछी कोचिंग यार्ड के रिसेप्शन यार्ड में पूरी लंबाई के एलएचबी रेक की जांच के लिए पिट के विस्तार के साथ-साथ 02 अदद लाइनों की लंबाई में वृद्धि और आवश्यक बुनियादी ढांचे का प्रावधान (रिसीविंग यार्ड सांतरागाछी में सीएटी कार्य के साथ 04 अदद स्टेबलिंग लाइनें और 03 अदद पीआईटी लाइनें)। **निविदा मूल्य:** ₹ 87,21,018। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,74,400। **खुलने की तारीख:** 01.01.2026। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने। **जमा करने की तारीख:** 01.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **क्रम संख्या-2। निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-21आरटी1, दिनांक: 03.12.2025। कार्य का विवरण:** पद्मपुकुर- लाइन संख्या 10 के बगल में एक अतिरिक्त लूप लाइन के प्रावधान के लिए यार्ड संशोधन और डेड एंड लाइन संख्या 10 को लूप लाइन में रूपांतरण सहित दोनों तरफ एंट्री और एग्जिट की सुविधा और कोचिंग फिट के लिए लाइन संख्या-6 के दोनों सिरों पर 1 इन 8.5 क्रॉस-ओवर को 1 इन 12 में बदलना (पद्मपुकुर यार्ड की लाइन संख्या 6 के दोनों सिरों पर 1 इन 8.5 क्रॉस-ओवर को 1 इन 12 में बदलना, लाइन संख्या 10 के बगल में एक अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान और पद्मपुकुर यार्ड में लाइन संख्या 10 को दोनों तरफ एंट्री और एग्जिट की सुविधा के साथ पूरी लंबाई की लूप लाइन में बदलना और एटी का प्रावधान)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,08,05,918.30। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,04,000। **खुलने की तारीख:** 02.01.2026। **पूरा होने की अवधि:** 12 (बारह) महीने। **जमा करने की तारीख:** 02.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्योरा और स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **द्रष्टव्य:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-915)



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** 222-एस/1/डब्ल्यू-II, **दिनांक** 02.12.2025; मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-154-25-26; कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के रानाघाट-गेंदे अनुभाग में पुल सं. 113 (अप लाइन) तथा बनगाँव-पेट्रापोल में पुल सं. 84-टी (सिंगल लाइन) की आरसीसी जैकेटिंग कार्य तथा पीएससी स्लैब रूपांतरण का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 5,10,05,867.71; **ईएमडी:** रु. 4,05,000; **कार्य समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 30.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेल मानक संविदा 2022 की साधारण शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। (SDAH-283/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/581, **दिनांक** 03.12.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/09/25-26/सीएपी, आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** (i) सियालदह मंडल के बनगाँव-बारासात-हासनाबाद-दमदम जंक्शन-राजचंद्रपुर, सियालदह-बालीगंज-सोनारपुर-कैनिंग-बारुईपुर-नामखाना-डॉयमण्ड हार्बर-बजबज-माझेरहाट अनुभाग में टेलीकॉम गीयरों तता टेलीकॉम केबलों, ओएफसी के प्रतिस्थापन एवं पुनरुद्धार के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य, (ii) निश्चिंदपुर (एनसीपी) स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली द्वारा मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली के प्रतिस्थापन के संबंध में दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 3,39,34,148.60; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 3,19,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 15.12.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 29.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 29.12.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% को बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'बी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** "रेलवे के विभिन्न एप्लीकेशन के लिए एसडीएच/पीडीएच (एसटीएम, एमयूएक्स इत्यादि) उपकरण अथवा आईपीआईएस मदें (टीआईबी, पीए सिस्टम, क्लॉक, सीजीडीबी इत्यादि) अथवा इलेक्ट्रॉनिक/आईपी एक्सचेंज/इंटरकॉम अथवा क्वेड/ओएफसी आधारित नेटवर्किंग की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने युक्त किसी भी रेलवे दूरसंचार कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा"। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-284/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**एक जोड़ी कोलकाता–लालगोला–कोलकाता पैसेंजर ट्रेन एमईएमयू रेक के साथ चलेगी**

सियालदह–लालगोला खंड के यात्रियों की सुविधा के लिए, कोलकाता और लालगोला के बीच निम्नलिखित मौजूदा पैसेंजर ट्रेनें दिनांक 05.12.2025 से शौचालय सुविधा के साथ एमईएमयू रेक द्वारा चलाई जाएंगी।

- **कोलकाता से : 63101 कोलकाता–लालगोला पैसेंजर 14.10 बजे और लालगोला से : 63102 लालगोला–कोलकाता पैसेंजर 08.35 बजे।**

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के तहत ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पॉइंट नंबर 206बी/207 के रूपांतरण के लिए, दमदम जंक्शन स्टेशन लिमिट पर दिनांक **06.12.2025 (शनिवार) को 22.30 बजे से 07.12.2025 (रविवार) को 05.30 बजे तक 07 घंटे** के लिए **ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 07.12.2025 (रविवार)] : (1) 33431 अप सियालदह–बारासात लोकल (2) 33432 डाउन बारासात–सियालदह लोकल (3) 33813 अप सियालदह–बनगांव लोकल (4) 33818 डाउन बनगांव–सियालदह लोकल (5) 32211 अप सियालदह–डानकुनी लोकल (6) 32212 डाउन डानकुनी–सियालदह लोकल ● ट्रेनों का पुनर्निर्धारण: (1) 13142 डाउन न्यू अलीपुरद्वार–सियालदह तीस्ता तोरसा एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025 (शनिवार)] को 02 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात न्यू अलीपुरद्वार से 12.05 बजे के बदले 14.35 बजे छूटेगी। **(2) 13154 डाउन मालदा टाउन–सियालदह गौड़ एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025 (शनिवार)] को 01 घंटे 50 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात मालदा टाउन से 21.25 बजे के बदले 23.15 बजे छूटेगी। **(3) 13164 डाउन सहरसा–सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025 (शनिवार)] को 01 घंटे 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात सहरसा से 14.15 बजे के बदले 15.55 बजे छूटेगी। **(4) 12344 डाउन हल्दीबाड़ी–सियालदह दार्जिलिंग मेल** [यात्रा शुरू दिनांक 06.12.2025 (शनिवार)] को 01 घंटे 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा अर्थात हल्दीबाड़ी से 18.15 बजे के बदले 19.55 बजे छूटेगी। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू [दिनांक 07.12.2025 (रविवार)]: (1) दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को 33812 डाउन बनगांव–सियालदह लोकल** सियालदह के बदले दमदम कैंट. में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **33815 अप सियालदह–बनगांव लोकल** सियालदह के बदले दमदम कैंट. से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(2) दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को 33512 डाउन हासनाबाद–सियालदह लोकल** सियालदह के बदले दमदम कैंट. में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **33511 अप सियालदह–हासनाबाद लोकल** सियालदह के बदले दमदम कैंट. से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी।

**टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेनें विलंब से चल सकती हैं। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर लगाया शिक्षा शुल्क वसूलने का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की शिक्षा व्यवस्था को लेकर राजनीतिक विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट कर ममता बनर्जी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा अवैतनिक (नि:शुल्क) होने के बावजूद राज्य सरकार छात्रों से विभिन्न तरीकों से पैसे वसूलने की कोशिश कर रही है। शुभेंदु अधिकारी ने उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद की एक हालिया अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि 2026 की उच्च माध्यमिक परीक्षा के लिए नामांकन के दौरान छात्रों को अनिवार्य रूप से निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इसके अलावा, परीक्षार्थियों से अलग से 'सेंटर फीस' लेने का भी निर्देश दिया गया है, जिसे उन्होंने पूरी तरह गलत और अवैध बताया। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू किया गया 'सर्व शिक्षा अभियान', जिसे बाद में 'समग्र शिक्षा अभियान' में विलय किया गया, स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करता है कि प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक सभी छात्रों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा मिले। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा शुल्क वसूली का उद्देश्य क्या है, इसे लेकर उन्होंने गंभीर सवाल उठाए। पोस्ट में, शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की सरकारी स्कूल प्रणाली की खराब स्थिति पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार, शिक्षकों की भारी कमी, बुनियादी ढांचे के टूटने और सरकारी उदासीनता के कारण हजारों सरकारी स्कूल बंद होने की कगार पर हैं। उनका कहना है कि सरकार का असल उद्देश्य अभिभावकों को मजबूर करना है कि वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजें, जिससे सत्तारूढ़ दल के करीबी निजी शिक्षा संस्थानों को आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी तंज कसा कि सत्ताधारी दल से जुड़े कारोबारी ममता बनर्जी को खुश करने के लिए कभी विदेश के कॉलेज कैंटीनों में कार्यक्रम कर यह प्रचार करते हैं कि मुख्यमंत्री को ऑक्सफोर्ड सम्मानित कर रहा है, तो कभी जापान की किसी यूनिवर्सिटी से मानद डिग्री खरीदने की व्यवस्था करते हैं। शुभेंदु का आरोप है कि यह सब केवल राजनीतिक छवि चमकाने और बड़े पैमाने पर चंदा जुटाने के मकसद से किया जाता है। शुभेंदु अधिकारी ने अपनी पोस्ट के अंत में मांग की कि छात्रों से ली जा रही यह फीस तुरंत बंद की जाए। साथ ही, जिन छात्रों से पहले ही पैसा वसूला जा चुका है, उन्हें पूरी राशि तुरंत लौटाई जाए। उन्होंने इस वसूली को पूरी तरह अवैध, अनैतिक और अनुचित करार दिया।

## जूट मिलों के मार्च तक बंद होने का खतरा, पश्चिम बंगाल सरकार दे दखल : आईजेएमए



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जूट मिल संघ (आईजेएमए) ने राज्य सरकार से इस क्षेत्र में गहराते संकट को दूर करने के लिए दखल देने की मांग की है। इसके साथ ही आईजेएमए ने चेतावनी दी है कि कीमतों को अलाभप्रद तरीके से एक निश्चित स्तर तक रोके जाने के कारण राज्य की आधी से ज़्यादा मिलें मार्च 2026 तक बंद हो सकती हैं। राज्य के श्रम मंत्री मलय घटक को तीन दिसंबर को लिखे एक पत्र में आईजेएमए ने कहा कि इस संकट से इस क्षेत्र की स्थिरता और मिलों में सीधे तौर पर काम करने वाले दो लाख से ज़्यादा कामगारों की रोजी-रोटी को खतरा है। इसमें कहा गया है कि लाखों और लोग अप्रत्यक्ष तौर पर इस उद्योग पर निर्भर हैं। आईजेएमए ने कहा कि जूट आयुक्त की 15 सितंबर की अधिसूचना ने इस क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। अधिसूचना में अक्टूबर के लिए 580-ग्राम 'बी ट्विल बैग' की कीमत सितंबर 2025 के स्तर पर और उसके बाद अनिश्चित काल के लिए रोक दी गई थीं। जूट संघ ने जूट आयुक्त कार्यालय पर सीसीईए के तय मूल्य निर्धारण के तरीके को छोड़ने और बढ़ती आदान लागतों, कच्चे जूट की घटती-बढ़ती कीमतों और कोर्ट के निर्देशों को नज़रअंदाज़ करने का आरोप लगाया।

## सीईओ दफ्तर के बाहर फिर तनाव, बीएलओ अधिकार रक्षा समिति का उग्र प्रदर्शन

**❑ पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प**

**❑ मृत बीएलओ के परिवारों के लिए सहायता की मांग**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में राज्य निर्वाचन अधिकारी यानी सीईओ के दफ्तर के सामने गुरुवार को फिर माहौल गरम हो गया। बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्य सुबह से ही वहां बैठकर नारे लगा रहे थे। इसी बीच, कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड धकेलकर आगे बढ़ने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद, दोनों पक्षों के बीच हल्की धक्का-मुक्की हो गयी। बता दें कि पिछले कई दिनों से तृणमूलपंथी मानी जाने वाली यह समिति सीईओ दफ्तर के सामने लगातार धरना दे रही है। सोमवार के बाद गुरुवार को फिर से स्थिति तनावपूर्ण हो उठी। प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्लैकार्ड थे, जिन पर लिखा था कि बीएलओ पर जबरन डेटा एंट्री का अतिरिक्त काम थोपा जा रहा है, जो वे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड के पास जाकर जोर-जबरदस्ती शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो स्थिति और बिगड़ गयी और धक्का-मुक्की की नौबत आ गयी।

## केरोसिन की कीमत में एक झटके में 4 रुपये की बढ़ोतरी, तीन माह में कुल 6 रुपये महँगा



**कोलकाता :** सर्दियों की दस्तक के साथ ही गरीब परिवारों के रसोईघर पर महँगाई की नई मार पड़ी है। केंद्र सरकार ने दिसंबर महीने के लिए राशन प्रणाली (पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम) के तहत मिलने वाले केरोसिन की कीमत में एक बार में 4 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही पिछले तीन महीनों में केरोसिन के दाम कुल 6 रुपये तक चढ़ चुके हैं।

पश्चिम बंगाल केरोसिन ऑयल डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार, इस बढ़ोतरी के बाद कोलकाता में प्रति लीटर केरोसिन की नई कीमत लगभग 67 रुपये हो जाएगी। परिवहन और अन्य स्थानीय शुल्क जोड़ने पर राज्य के जिलों में यह कीमत 70 रुपये के आसपास पहुँच जाएगी।

एसोसिएशन के सचिव श्यामल सरकार ने कहा, लगातार कीमत बढ़ने से राशन कार्डधारियों में केरोसिन की माँग पहले से ही घट रही है। इस बार की बढ़ोतरी के बाद तो और कम लोग इसे लेंगे। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार जानबूझकर केरोसिन की कीमत बढ़ा रही है ताकि पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों में इसका उपयोग धीरे-धीरे समाप्त किया जा सके।

गौरतलब है कि ग्रामीण इलाकों और शहरों की झुग्गी-झोपड़ी वाली बस्तियों में अभी भी लाखों परिवार खाना पकाने और लालटेन जलाने के लिए केरोसिन पर निर्भर हैं। कीमत में यह लगातार वृद्धि उनके घरेलू बजट पर भारी पड़ रही है।

राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि केरोसिन की कीमतें केंद्र सरकार तय करती है और राज्य सरकारों के पास इसमें हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं है।

केरोसिन डीलर्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से तत्काल कीमत वापस लेने और गरीबों के लिए सब्सिडी बहाल करने की माँग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि कीमतों में कमी नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## एसआईआर : अब तक 98.84 प्रतिशत गणना-प्रपत्र डिजिटल रूप से किए गए दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गुरुवार तक करीब 98.84 प्रतिशत गणना-प्रपत्र डिजिटल तरीके से दर्ज किए गए। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। आयोग के अनुसार, गणना-प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के मामले में पश्चिम बंगाल, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चौथे स्थान पर है, जो लक्षद्वीप, राजस्थान और गोवा से पीछे है, जहां यह आंकड़ा क्रमशः 100 प्रतिशत, 99.81 प्रतिशत और 99.16 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस दिन, दोपहर तक 7,57,46,895 वितरित गणना-प्रपत्रों का डेटा डिजिटल रूप से दर्ज किया गया, जो कुल संख्या का 98.84 प्रतिशत है। आयोग ने बताया कि अब तक कुल 7,66,02,360 गणना प्रपत्र वितरित किये गये हैं, जो कुल मतदाताओं का 99.95 प्रतिशत है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को 11 दिसंबर तक फॉर्म का दोबारा सत्यापन करने को कहा

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे बूथ स्तर के अधिकारियों (बीए-लओ) को निर्देश दिया कि वे गणना प्रपत्रों की फिर से जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि 11 दिसंबर को पहले चरण के समाप्त होने से पहले सभी मृत, अनुपस्थित या 'डुप्लीकेट वोटर' के नाम हटा दिए जाएं। बीएलओ को भेजे संदेश में अग्रवाल ने कहा कि उन्हें डेटा अपलोड करते समय 'अत्यंत सावधानी' बरतनी चाहिए।

## नए एसएससी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, 10 ग्रेस अंक देने का विरोध और इंटरव्यू में शामिल करने की मांग




**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा हाल ही में आयोजित परीक्षा में नए उम्मीदवार के रूप में शामिल हुए लगभग 500 शिक्षण नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने गुरुवार को शहर में जुलूस निकाला और मांग की कि लिखित परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक लाने के बाद भी उन्हें साक्षात्कार पैनल से बाहर न किया जाए। इस दिन, 'फ्रेशर एसएससी कैंडिडेट्स फोरम' के सदस्यों ने कॉलेज स्कायर से विधानसभा तक मार्च करने की योजना बनाई थी। हालांकि, पुलिस कर्मियों ने उन्हें मध्य कोलकाता के सुबोध मलिक स्कायर पर रोक दिया और उन्होंने अपनी मांग पूरी होने तक सड़क से न हटने की कसम खाई। सुरक्षा कारणों से विधानसभा परिसर के पास किसी भी तरह के जमावड़े या प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम इस मांग से पीछे नहीं हटेंगे कि इस बार परीक्षा देने वाले पुराने एसएससी उम्मीदवारों को 10 ग्रेस मार्क्स न दिए जाएं।

## भाजपा ने 2026 के चुनावों से पहले राज्य में 13,000 बैठकों की योजना बनायी



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2026 के विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा से पहले राज्य में कम से कम सात रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस दिन, प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि इन बड़ी रैलियों के अलावा, पार्टी की योजना शुक्रवार से शुरू होकर एक महीने से अधिक समय तक राज्य भर में 13,000 बड़ी और छोटी बैठकें आयोजित करने की है। सिन्हा ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले मोदी कम से कम सात रैलियों को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और अन्य वरिष्ठ नेता भी रैलियों को संबोधित करेंगे। रैलियों की तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि 13,000 बैठकों में से प्रत्येक के दौरान सात से आठ मतदान केंद्रों के मतदाताओं को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नागरिकों तक पार्टी के विकासोन्मुख पश्चिम बंगाल के दृष्टिकोण को पहुंचाना है। भाजपा नेता ने कहा कि यह अभियान पांच दिसंबर को शाम पांच बजे से सात बजे के बीच 'शक्ति केंद्रों' (पांच से सात मतदान केंद्रों के समूहों) के साथ शुरू होगा, जिन्हें स्थानीय और प्रदेश स्तर के नेता संबोधित करेंगे। ऐसी बैठकें 15 जनवरी तक जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद, सांसदों और विधायकों सहित राज्य और केंद्रीय स्तर के नेताओं द्वारा विधानसभावार जनसभाओं को संबोधित किया जाएगा और चुनाव नजदीक आने के साथ इसकी गति बढ़ने की उम्मीद है।


www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# राज्य में बढ़ रहे पूल-कार हादसे, बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम ला रही बंगाल सरकार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के विभिन्न इलाकों में पूल-कार और स्कूल वाहनों की दुर्घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। फिटनेस में फेल गाड़ियों को ही स्कूल बस या पूल-कार के रूप में चलाने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार अब कड़ा कदम उठाने जा रही है।



परिवहन मंत्री स्नेहाशिस चक्रवर्ती ने बताया कि जल्द ही पूल-कार संगठनों, परिवहन विभाग, पुलिस, शिक्षा विभाग और अभिभावकों की संयुक्त बैठक बुलाई जा रही है। इस बैठक में स्कूल बच्चों की सुरक्षा के लिए नई गाइडलाइंस जारी की जाएंगी।

**गाड़ी मालिकों के लिए अनिवार्य नियम**

■ सभी वैध कागजात और फिटनेस सर्टिफिकेट होना जरूरी

■ हर गाड़ी में लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य

■ खिड़कियों पर सुरक्षा ग्रिल ताकि बच्चे हाथ या सिर बाहर न निकाल सकें

■ बाहर से पारदर्शी शीशे, पर्याप्त रोशनी, बैग रखने की जगह

■ हर सीट पर सीट बेल्ट, फर्स्ट एड बॉक्स और फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य

■ नियमित फिटनेस टेस्ट कराना बाध्यकारी

**स्कूलों पर भी नई जिम्मेदारी :-** हर स्कूल को एक ट्रांसपोर्ट मैनेजर नियुक्त करना होगा, जो निकटतम परिवहन कार्यालय से सीधा संपर्क बनाए रखेगा और स्कूल की पूरी परिवहन व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगा।

स्कूल बस या पूल-कार में केवल कमर्शियल वाहनों को ही इस्तेमाल करने की अनुमति होगी। अभिभावकों की सहमति के बाद ही गाड़ी चयन होगा। सभी व्यवस्थाओं का निश्चित अंतराल पर नवीनीकरण (रिन्यूअल) करना होगा।

परिवहन मंत्री ने कहा, बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। जो नियम बनेंगे, उनका सख्ती से पालन कराया जाएगा।

राज्य सरकार का मानना है कि इन नए नियमों से पूल-कार दुर्घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी और स्कूल जाने वाले बच्चों को सुरक्षित परिवहन मिलेगा।

## पूर्व मिदनापुर में भाजपा नेता की हत्या मामले में टीएमसी कार्यकर्ता गिरफ्तार, एनआईए ने की कार्रवाई

**पूर्व मिदनापुर :** पूर्व मिदनापुर जिले के मोयना में भाजपा नेता विजयकृष्ण भुइयां की हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम बुद्धदेव मंडल बताया गया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार को एनआईए की टीम बुद्धदेव मंडल की तलाश में उसके बेटे को साथ लेकर कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाती है। इसी दौरान गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलती है कि आरोपी पश्चिम मिदनापुर के पिंगला इलाके में अपने एक रिश्तेदार के घर छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही जांच दल वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लेता है। गुरुवार सुबह उसे कोलकाता ले जाया गया।

यह मामला मई 2023 की घटना से जुड़ा है, जब भाजपा नेता और बूथ अध्यक्ष विजयकृष्ण भुइयां लापता हो गए थे। उनकी पत्नी लक्ष्मी भुइयां ने पहली बार आरोप लगाया था कि उनके पति का अपहरण हुआ है। पुलिस द्वारा जांच शुरू करने के बाद पास के तालाब किनारे से विजय का खून से लथपथ शव बरामद किया गया।



इस हत्या के मामले में कई तृणमूल नेताओं और कार्यकर्ताओं का नाम सामने आया था। मोयना थाना क्षेत्र में कम से कम 34 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और शुरुआती जांच में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से बाद में पांच आरोपी जमानत पर रिहा हुए। पुलिस जांच में लापरवाही का आरोप लगाते हुए भाजपा ने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद कोलकाता हाईकोर्ट के निर्देश पर मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई।

इससे पहले भी एनआईए ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं को गिरफ्तार किया है, जिनमें मोयना ब्लॉक टीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष अमिताभ उर्फ बाबू भांजा, बाकचा क्षेत्र के पूर्व सह-सभापति सुजीत कर और नवकुमार मंडल शामिल हैं।

एनआईए की इस ताजा गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक तनाव एक बार फिर बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## कॉलेज सर्विस कमीशन के चेयरमैन बदले गए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल कॉलेज सर्विस कमीशन के चेयरमैन पद पर बड़ा फेरबदल हुआ है। मौजूदा चेयरमैन प्रोफेसर दीपक कर को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब गौड़बंग विश्वविद्यालय के बांग्ला विभाग के प्रोफेसर सौरें बंद्योपाध्याय नए चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, पिछले सितंबर महीने में प्रधान (प्रिंसिपल) पद के एक उम्मीदवार सिद्दिक हुसैन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखकर कमीशन में प्रधान नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी का गंभीर आरोप लगाया था। इसी शिकायत को आधार मानकर राज्य सरकार ने प्रोफेसर दीपक कर को हटाने का फैसला लिया है। राज्य उच्च शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नई नियुक्ति के साथ कमीशन में नियुक्ति प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने की कोशिश की जा रही है। प्रोफेसर सौरें बंद्योपाध्याय जल्द ही कार्यभार संभालेंगे।

## टीएमसी ने वित्त मंत्री सीतारमण पर राज्य के बारे में 'गुमराह' करने का लगाया आरोप

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता सागरिका घोष ने गुरुवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते समय पश्चिम बंगाल के बारे में सदन को 'भ्रमित किया। इस दिन, सीतारमण ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की पूरी सहायता के बावजूद राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास को नुकसान पहुंचाया है। वित्त मंत्री के जवाब के विरोध में सदन से बहिर्गमन करने के बाद संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए सागरिका ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज राज्यसभा में हमने



संवैधानिक लोकतंत्र की हत्या, संसदीय लोकतंत्र की हत्या देखी। केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा के जवाब में माननीय वित्त मंत्री ने बार-बार बंगाल के बारे में सदन को भ्रमित किया, बार-बार बिना सबूत और बिना प्रमाण के बयान दिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा में तृकां के नेता डेरेक ओ'ब्रायन 'व्यवस्था का प्रश्न' उठाना चाहते थे, जिसके लिये उन्हें अनुमति नहीं दी गई।

# वोट से पहले शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी, राज्य सरकार ने घोषित किया 10 प्रतिशत डीए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने लाखों शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर राज्य पोषित और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों-शिक्षाकर्मियों के लिए 10 प्रतिशत महँगाई भत्ते (डीए) की घोषणा कर दी।

इस बढ़ोतरी के साथ अब इन शिक्षकों का कुल डीए 50 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। यह भत्ता 2024 के अप्रैल महीने से लागू होगा और बकाया राशि सहित शिक्षकों के खाते में जमा की जाएगी।



शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार ने 2024 में 10 प्रतिशत और 2025 में आगे 10 प्रतिशत (कुल 20 प्रतिशत) डीए देने का ऐलान पहले ही किया था, लेकिन कब से लागू होगा, यह स्पष्ट नहीं था। अब विभाग ने अधिसूचना जारी कर इसे 2024 अप्रैल से ही प्रभावी कर दिया।

यह सुविधा मुख्य रूप से उन शिक्षकों को मिलेगी जो रोपा-2009 के तहत आते हैं। साथ ही राज्य में मौजूद 40 से 45 'डीए गेटिंग' स्कूलों के शिक्षक भी इस लाभ के पात्र होंगे। इन स्कूलों में डीए राज्य सरकार देती है, जबकि मूल वेतन स्कूल प्रबंधन समिति वहन करती है।

शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वित्त विभाग से अंतिम मंजूरी मिलते ही यह राशि शिक्षकों के खाते में पहुँचनी शुरू हो जाएगी। शिक्षक संगठनों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे चुनाव से पहले शिक्षक समुदाय के लिए बड़ा तोहफा बताया है।

## उत्तर प्रदेश में बेलघरिया निवासी मेडिकल छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर एक भयानक सड़क हादसे में बंगाल के एक मेडिकल स्टूडेंट की मौत हो गई। यह घटना बुधवार की रात उत्तर प्रदेश के अमरोहा में हुई। उस घटना में कुल चार एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई। इनमें बेलघरिया के पुर्वपाड़ा का रहने वाला अर्नब चक्रवर्ती भी शामिल था। सूत्रों के मुताबिक, यह हादसा बुधवार की रात रजबपुर थाने के सर्विस रोड से सटे इलाके में हुआ। रात करीब 9 बजे फोम के गद्दों से लदा एक ट्रक सड़क के एक तरफ खड़ा था। उस समय गजरौला की तरफ से एक फोर-व्हीलर आ रहा था। उस गाड़ी में चार एमबीबीएस छात्र सवार थे। गाड़ी के ड्राइवर ने अचानक कंट्रोल खो दिया और ट्रक के पिछले हिस्से




में टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि फोर-व्हीलर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। मृतक अर्नब उत्तर प्रदेश की श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी का 2020 का एमबीबीएस छात्र था। उसने इसी साल अपनी पढ़ाई पूरी की थी और इंटर्नशिप कर रहा था। इंटर्नशिप के बाद वह कोलकाता लौटने का प्लान बना रहा था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने घटना की पूरी जांच शुरू कर दी है। अर्नब के परिवार ने जल्द से जल्द उसकी बॉडी वापस लाने का इंतज़ाम करने की रिक्वेस्ट की है।

## ओकले मेटा एचएसटीएन एआई ग्लासेस भारत में उपलब्ध, टेक और स्पोर्ट्स फैन्स में उत्साह

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओकले मेटा एचएसटीएन एआई ग्लासेस 1 दिसंबर से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यह ग्लासेस खेल प्रेमियों और एथलीटों के लिए तैयार किए गए हैं और उन्नत एआई फीचर्स के साथ आते हैं। कंपनी ने बताया कि इसकी प्री-सेल सनग्लास हट पर शुरू हो गई है और इसकी शुरुआती कीमत 41,800 रुपये है। ग्लासेस में इंटीग्रेटेड कैमरा, ओपन-ईयर स्पीकर और आईपीएक्स4 वॉटर रेसिस्टेंस जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसमें 8 घंटे की बैटरी लाइफ और एक चार्जिंग केस के साथ अतिरिक्त 48 घंटे की पावर सपोर्ट भी मिलता है। उपयोगकर्ता 3के वीडियो रिकॉर्डिंग कर सकेंगे और मेटा एआई से रियल टाइम स्पोर्ट्स इनसाइट्स प्राप्त कर सकेंगे। डिवाइस अब हिंदी इंटरैक्शन भी सपोर्ट करता है और जल्द ही यूपीआई स्कैन एंड पे फीचर भी शामिल किया जाएगा। ओकले मेटा एचएसटीएन छह फ्रेम और लेंस कलर विकल्पों में उपलब्ध होगा।

## सैमसंग का बड़ा कदम: रिटेल सेक्टर में 9,400 युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देगा 'दोस्त सेल्स' प्रोग्राम

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने भारत में अपना दोस्त सेल्स प्रोग्राम विस्तार करते हुए कम सेवा प्राप्त समुदायों के 9,400 युवाओं को रिटेल क्षेत्र में कौशल प्रदान करने की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें फ्रंटलाइन रिटेल भूमिकाओं के लिए तैयार करना है। इस प्रशिक्षण में 120 घंटे की ऑनलाइन कक्षाएं, 60 घंटे की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और 5 महीने की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग शामिल होगी। सफल उम्मीदवारों को सरकार समर्थित एनएसक्यूएफ सर्टिफिकेशन भी मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता मजबूत होगी। सैमसंग के सीएसआर प्रमुख शुभम मुखर्जी के अनुसार, यह कार्यक्रम युवाओं को आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल के साथ उद्योग के लिए तैयार करेगा। यह पहल ईएसएससीआई और टीएसएससी के सहयोग से चलाई जा रही है, जिससे डिजिटल और रिटेल सेक्टर में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होंगे। कंपनी का कहना है कि यह कार्यक्रम भारत की रिटेल वर्कफोर्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

## 2 बंगाल नेवल यूनिट ने नौसेना दिवस पर 40 बच्चों में बांटे कंबल व फूड पैकेट्स



**कोलकाता :** 2 बंगाल नेवल यूनिट एनसीसी, कोलकाता ने गुरुवार को नौसेना दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत यूनिट द्वारा हम एनजीओ, पार्क सर्कस के 40 जरूरतमंद बच्चों में कंबल व फूड पैकेट्स का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता 2 बंगाल नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) मृण्मय घोष ने की। सीओ ने सभी को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं दी।

## आईटीसी संगीत सम्मेलन 2025: शास्त्रीय संगीत परंपराओं का अनुपम उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी संगीत रिसर्च एकेडमी (आईटीसी-एसआरए) ने अपने 54वें वार्षिक आईटीसी संगीत सम्मेलन 2025 की घोषणा की है। यह भव्य आयोजन 5 से 7 दिसंबर तक एकेडमी के सेरेन लॉन में होगा। विगत वर्षों की तरह इस बार भी सम्मेलन में देश के शीर्ष हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय कलाकारों के साथ उभरती प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगी। सम्मेलन की लाइन-अप में परवीन सुल्ताना, अजॉय चक्रवर्ती, उल्हास कशालकर, शुभ्रा गुहा, उदय भवालकर, अश्विनी भिड़े देशपांडे तथा रंजनी-गायत्री जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। वहीं, एकेडमी के प्रतिभाशाली शिष्य प्रांजल घटक (बांसुरी) और कल्याण मजूमदार



(सितार) सहित कई युवा कलाकार भी प्रदर्शन करेंगे। 6 दिसंबर की पूरी रात चलने वाली प्रस्तुति इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। आईटीसी-एसआरए के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं ट्रस्टी सरदिंदु दत्ता ने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और गुरु-शिष्य परंपरा की निरंतरता का प्रतीक है। 1977 में स्थापित एकेडमी पूर्ण छात्रवृत्ति के साथ उभरते कलाकारों को गुरुओं के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण देने के लिए जानी जाती है। यह आयोजन भारतीय शास्त्रीय संगीत की विविधता और गहराई का अनुभव कराने का उद्देश्य रखता है।

## टिंडर का ईयर इन स्वाइप 2025: अब डेटिंग में स्पष्टता, आत्मविश्वास और ईमानदारी का दौर

**कोलकाता, समाज्ञा :** टिंडर ने अपने ईयर इन स्वाइप 2025 रिपोर्ट में बताया है कि 2026 में डेटिंग ट्रेंड्स पूरी तरह बदलने वाले हैं। नए ट्रेंड्स के मुताबिक, युवा अब 'क्लियर-कोडिंग', इमोशनल ईमानदारी और आत्मविश्वासी बातचीत को रिलेशनशिप की नई नींव मान रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डेटर्स अब अपनी भावनाओं को छिपाने की बजाय खुलकर बात कर रहे हैं और रिश्तों को अपनी शर्तों पर परिभाषित कर रहे हैं। टिंडर की सीएमओ मेलिसा हॉब्ले ने कहा कि सिंगल्स अब आसान, ईमानदार और स्ट्रेस-फ्री कनेक्शन की तलाश में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 64% यूजर्स डेटिंग में भावनात्मक ईमानदारी को सबसे ज़रूरी मानते हैं, जबकि 73% तब आकर्षित होते हैं जब वे खुद को बिना दबाव के व्यक्त कर पाएं। टिंडर का कहना है कि 2026 में डेटिंग हल्की-फुल्की, कम उलझनों वाली और वास्तविक भावनाओं पर आधारित होगी, जहां होप यानी उम्मीद नया आकर्षण बनेगी।

## आरपीएफ ने 'मिशन सेवा' के तहत घायल और बीमार यात्रियों की मदद की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल ने अपने सेवा-उन्मुख अभियान मिशन सेवा के तहत यात्रियों की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बीमार और घायल यात्रियों को तत्काल मदद उपलब्ध कराई। इसके तहत, 3 दिसंबर को हावड़ा और सियालदह मंडलों में आरपीएफ टीमों ने तीन महिला यात्रियों की सहायता की। वर्दवान स्टेशन पर अस्वस्थ अवस्था में मिली एक महिला यात्री को ट्रेन से उतारकर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहीं, बालीगंज-पार्क सर्कस रेलखंड के बीच घायल मिली एक महिला को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त, साहिबगंज स्टेशन पर प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला को भी आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत सहायता प्रदान की और उसे सुरक्षित रूप से अस्पताल भेजा। आरपीएफ की समय पर की गई कार्रवाई से तीनों यात्रियों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकीं।

## कोलकाता-लालगोला पैसेंजर अब टॉयलेट सहित आधुनिक मेमू रेक से होंगी संचालित

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब कोलकाता-लालगोला के बीच चलने वाली दो प्रमुख पैसेंजर ट्रेन सेवाएं मेमू रेक से संचालित की जाएंगी, जिनमें टॉयलेट सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस नई व्यवस्था के तहत 5 दिसंबर से 63101 कोलकाता-लालगोला पैसेंजर (कोलकाता से प्रस्थान 14:10 बजे) और 63102 लालगोला-कोलकाता पैसेंजर (लालगोला से प्रस्थान 08:35 बजे) को पुराने रेक की जगह अत्याधुनिक मेमू रेक से चलाया जाएगा। पूर्व रेलवे का यह कदम यात्रियों, विशेषकर लंबी दूरी की पैसेंजर सेवाओं का उपयोग करने वालों के लिए राहत लेकर आएगा।

## मेटा, एमएसएमई मंत्रालय और इंडिया एसएमई फोरम छोटे व्यावसायों के लिए लॉन्च करेंगे एआई चैटबॉट



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेटा ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) और इंडिया एसएमई फोरम के साथ साझेदारी में आज भारत के एमएसएमई को डिजिटल रूप से सक्षम और सशक्त करने के लिए एआई-संचालित चैटबॉट लॉन्च करने के अपने इरादे की घोषणा की। यह साझेदारी मेटा की आर्थिक सक्षमता के लिए एआई तैनात करने की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जो डिजिटल इंडिया की सरकार की दृष्टि के अनुरूप है। चैटबॉट - जो मेटा के लामा मॉडल द्वारा संचालित है और व्हाट्सएप पर उपलब्ध है - उद्यमियों को व्यक्तिगत, वास्तविक समय में सहायता प्रदान करेगा, जो सरकारी योजनाओं, अनुपालन, ऋण पहुंच, कौशल विकास, डिजिटल ऑनबोर्डिंग पर मार्गदर्शन सहित महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाएगा, जिससे एमएसएमई डिजिटल अर्थव्यवस्था में नेविगेट करने में सक्षम हो सकें। चैटबॉट कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा और वॉयस तथा टेक्स्ट-आधारित इंटरैक्शन क्षमताओं से लैस होगा, जो विविध क्षेत्रों में एमएसएमई के लिए समावेशन और पहुंच सुनिश्चित करेगा।

## पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा परीक्षा के लिए 7 दिसंबर को ब्लू और ग्रीन लाइन पर विशेष मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मेट्रो रेलवे ने आगामी 07 दिसंबर को ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर विशेष मेट्रो सेवाएं चलाने की घोषणा की है। इस दिन दोनों कॉरिडोर पर सामान्य सेवाओं की तुलना में अधिक ट्रेनें चलाई जाएंगी, ताकि परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में यात्रियों को कोई परेशानी न हो।

मेट्रो रेलवे के अनुसार, ब्लू लाइन पर 7 दिसंबर को सेवाएं सुबह 08:00 बजे से शुरू होंगी और पूरे दिन में कुल 136 सेवाएं (68 अप और 68 डाउन) संचालित की जाएंगी। सुबह 08:00 बजे से 09:00 बजे के बीच दोनों दिशाओं में मेट्रो हर 20 मिनट पर उपलब्ध होगी। प्रशासन के अनुसार पहली ट्रेन दक्षिणेश्वर से 08:00 बजे और शहीद खुदीराम से 08:04 बजे चलेगी,



जबकि अंतिम ट्रेन के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। इसी प्रकार ग्रीन लाइन पर भी सेवाएं 08:00 बजे से शुरू होंगी और कुल 110 ट्रेन सेवाएं (55 अप और 55 डाउन) चलेंगी। पहली ट्रेन हावड़ा मैदान और साल्ट लेक सेक्टर पांच दोनों स्टेशनों से 08:00 बजे रवाना होगी, जबकि अंतिम ट्रेन की समय-सारिणी पूर्ववत रहेगी। सुबह निर्धारित समयावधि में सेवाएं हर 20 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी। इस दिन, येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जबकि रविवार होने के कारण पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सेवाएं बंद रहेंगी।

## पूर्व रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक ने प्रमोटी अधिकारियों को किया संबोधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे प्रमोटी अधिकारी संघ (ईआरपीओए) की वार्षिक आम सभा 2025 का आयोजन गुरुवार को पूर्व रेलवे मुख्यालय में किया गया। बैठक में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुख, साथ ही पूर्वी रेलवे के सभी मंडलों और कार्यशालाओं के अधिकारी उपस्थित थे। सभा के दौरान संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवत कुमार मंडल, महासचिव देबब्रत बोस और पूर्व अध्यक्ष अभिजीत राय ने प्रमोटी अधिकारियों के हितों, उनकी भूमिका तथा संघ और दिल्ली स्थित फेडरेशन की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री राय ने प्रमोटी



अधिकारियों के करियर प्रगति से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया, जिन पर महाप्रबंधक ने गंभीरता से ध्यान देने का आश्वासन दिया।

खुले सत्र के दौरान महाप्रबंधक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किए और पूर्व रेलवे के प्रति उनके योगदान की सराहना की। श्री देउस्कर ने ईआरपीओए द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों की भी प्रशंसा की और संघ को सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।

## दमदम स्टेशन क्षेत्र में ट्रैक मरम्मत कार्य के लिए ट्रेन संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने दमदम जंक्शन स्टेशन क्षेत्र में ट्रैक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 6 दिसंबर की रात 22:30 बजे से 7 दिसंबर की सुबह 05:30 बजे तक सात घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक निर्धारित किया है। इस कारण 7 दिसंबर को कई ट्रेन सेवाओं को रद्द करना, शॉर्ट टर्मिनेट करना और कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को री-शेड्यूल करना आवश्यक हो गया है। इस दौरान 33431/33432 बारासात-सियालदह, 33813/33818 बनगांव-सियालदह तथा 32211/32212 डानकुनी-सियालदह लोकल सेवाएं 7 दिसंबर को रद्द रहेंगी।

इसी दिन, 33812 बनगांव-सियालदह और 33512 हासनाबाद-सियालदह लोकल को सियालदह के बजाय दमदम कैंट. स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि 33815 सियालदह-बनगांव तथा 33511 सियालदह-हासनाबाद लोकल सेवाएं दमदम कैंट. स्टेशन से ही प्रारंभ की जाएंगी। लंबी दूरी की सेवाओं में भी समय परिवर्तन किया गया है, जिसके तहत 13142 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह तीस्ता तोर्सा एक्सप्रेस 12:05 के बजाय 14:35 बजे, 13154 मालदा टाउन-सियालदह गौर एक्सप्रेस 21:25 के बजाय 23:15 बजे, 13164 सहरसा-सियालदह हेटे बाजारे एक्सप्रेस 14:15 के बजाय 15:55 बजे तथा 12344 हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल 18:15 के बजाय 19:55 बजे प्रस्थान करेगी।

## जादवपुर विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था तेज, हाईकोर्ट ने 21 जनवरी तक प्रगति रिपोर्ट माँगी

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्रों की सुरक्षा को लेकर चल रहे मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने सख्त रुख बनाए रखा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को अदालत में अपनी ताजा रिपोर्ट पेश की, जिसमें सुरक्षा सुधार के कई कदमों की जानकारी दी गई।

**रिपोर्ट के अनुसार**

■ उच्च शिक्षा विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए 68 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

■ कैंपस में 70 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने का ठेका एक एजेंसी को दे दिया गया है; अगले 45 दिनों में काम पूरा हो जाएगा।

■ सुरक्षा के लिए 32 अतिरिक्त गार्ड तैनात किए जाएँगे। इनमें सैनिक बोर्ड के माध्यम से रिटायर्ड आर्मी जवानों




को प्राथमिकता दी जाएगी।

■ हॉस्टल, मुख्य गेट, लाइब्रेरी और प्रशासनिक भवन सहित सभी संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जा रही है।

■ बाहर से आने वाले आगंतुकों के लिए नई गेट-पास व्यवस्था शुरू करने की योजना है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की डिवीजन बेंच ने विश्वविद्यालय को साफ निर्देश दिया है कि सुरक्षा में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेंच ने कहा, पूरे कैंपस में पारदर्शी और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 21 जनवरी 2026 की तारीख तय की है और उस दिन तक सुरक्षा कार्यों की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

लंबे समय से रैगिंग और सुरक्षा चिंताओं से जूझ रहे जादवपुर विश्वविद्यालय में कोर्ट के लगातार हस्तक्षेप के बाद छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में उम्मीद जगी है कि अब कैंपस वाकई सुरक्षित बनेगा। सभी की नजरें अब 21 जनवरी की रिपोर्ट पर टिकी हैं।

# गिरीश पार्क में ट्रेनी पायलट की रहस्यमयी मौत, खाली घर से झूलता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** गिरीश पार्क थाना इलाके में एक युवक का झूलता शव बरामद होने से सनसन फैल गयी। मृतक की पहचान सौम्यादित्य कुंडू (21) के रूप में की गई है। बताया गया है कि युवक कुछ दिन पहले साउथ अफ्रीका से पायलट की ट्रेनिंग लेकर लौटा था। परिवार का दावा है कि वह तब से चुप था। सौम्यादित्य का शव बुधवार की रात करीब 9 बजे गिरीश पार्क स्थित इमारत के दूसरी मंजिल में एक खाली घर से बरामद किया गया। लेकिन इस घटना की वजह अभी साफ नहीं है। पुलिस घटना की जांच



कर रही है। हालांकि, सौम्यादित्य के इस्तेमाल किए गए टैब पर लिखे एक नोट को लेकर रहस्य बना हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, टैब के पीछे सफेद कागज पर 'लॉस्ट' लिखा है। लेकिन क्यों, इसे लेकर अभी भी उलझन है। पायलट बनने की चाहत रखने वाले ने ऐसा क्यों लिखा? यही बात पुलिस को परेशान कर रही है। यह मेंटल डिप्रेशन है या इसके पीछे कोई और वजह, इसकी जांच की जा रही है। दूसरी ओर, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सौम्यादित्य के एक महिला से रिश्ते की भी बात सामने आ रही है। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि महिला कोलकाता की है या साउथ अफ्रीका की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरीश पार्क मेट्रो के पास जिस घर से सौम्यजादित्य की बॉडी मिली, वह उनकी पुश्तैनी प्रॉपर्टी है। वहां लगभग कोई नहीं रहता था। सौम्यजादित्य कभी-कभी ट्रैवल करता था।

परिवार का दावा है कि वह बुधवार की शाम करीब 4 बजे घर से निकला था। उसके बाद, काफी देर बाद भी जब सौम्यजादित्य घर नहीं लौटा तो शक हुआ। उसकी तलाश शुरू की गई। फिर, सौम्यजादित्य के परिवार ने मधु रॉय लेन वाले घर का ताला तोड़ा। बेटे की मौत से पूरा परिवार पूरी तरह टूट गया है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि यह घटना क्यों हुई।

## बशीरहाट में रात के अंधेरे में डकैती की बड़ी साजिश नाकाम, पांच कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बशीरहाट थाना की पुलिस ने देर रात एक बड़ी डकैती की योजना को नाकाम करते हुए पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से हथियार, जाली नोट और एक चारपहिया वाहन बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बशीरहाट थाना क्षेत्र के गोटरा ग्राम पंचायत के सशिना बाजार के पास कुछ अपराधी रात के अंधेरे में डकैती की योजना बना रहे थे। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक (अभियुक्त) रक्तिम चट्टोपाध्याय ने तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। अचानक पुलिस की



मौजूदगी देख अपराधी बिखरने की कोशिश करने लगे, लेकिन पांच लोगों को हाथोंहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान दीपक शील, सुवीर डे, हाफिजुर रहमान, आमिरुल रहमान और मोकसेद अली सरदार के रूप में हुई है। इनके खिलाफ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लंबे समय से चोरी, लूट और धमकी जैसी कई शिकायतें दर्ज हैं। आरोप है कि ये अपराधी रात में बाजार और आस-पास के गांव के राहगीरों को निशाना बनाकर चोरी और डकैती करते थे। अभियान के दौरान उनके कब्जे से 7 एमएम पिस्टल, 2 राउंड गोलियां, 2 वॉकी-टॉकी सेट और 15,000 रुपये के जाली नोट बरामद हुए। पुलिस का मानना है कि अपराधियों ने डकैती की योजना के लिए यही उपकरण ले रखा था। कुछ अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों को बशीरहाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां जांच अधिकारी ने सात दिन की पुलिस हिरासत की मांग की।

### सिउड़ी में सड़क किनारे मिला देसी बम

**बीरभूम :** जिला अंतर्गत सिउड़ी के अब्दारपुर इलाके में स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क के किनारे देसी बम जैसी वस्तु पड़ी देखी। देखते ही देखते खबर पूरे गांव में फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरामद वस्तु देखने में देशी बम जैसी लग रही है, जिसकी जांच जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना के बाद आसपास के गांवों में भी भय का माहौल व्याप्त हो गया है। लोग दहशत में हैं और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोलकाता के बाजार में अब शाम को भी खुलेंगे सुफल बांग्ला के स्टॉल

**कोलकाता, समाज्ञा :** सिर्फ सुबह ही नहीं, इस बार सुफल बांग्ला के स्टॉल शाम को भी लगेंगे। फिलहाल, सुफल बांग्ला के स्टॉल या गाड़ियां कोलकाता के जरूरी बाजारों के बाहर लगेंगी। गुरुवार को नवान्न में टास्क फ़ोर्स की हुई बैठक के बाद राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने यह ऐलान किया। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि सुफल बांग्ला की मोबाइल गाड़ियों और स्टॉल की संख्या भी 50 बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ सुबह ही नहीं, अब शाम को भी बहुत सारे लोग बाजार करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए, शाम को भी कोलकाता के कई बाज़ारों के बाहर सुफल बांग्ला के स्टॉल लगाए जाएंगे। मोबाइल गाड़ियां भी होंगी। साथ ही, स्टॉल की संख्या भी 50 बढ़ाने का



फ़ैसला किया गया है। अभी, करीब 750 स्टॉल हैं। इस बार, इसे बढ़ाकर 800 किया जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के नेतृत्व में रोजमर्रा की सामानों की बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने के लिए एक बैठक हुई। इसमें टास्क फोर्स के सदस्य भी मौजूद थे। बैठक में कच्चे अनाज और सब्ज़ियों से लेकर अंडों के दाम में बढ़ोतरी पर चर्चा हुई।

## हुगली की रूपकथा घोष को भारतीय वॉलीबॉल टीम में मिली जगह

**❑ खेलने के लिए चीन रवाना, परिवार और जिले में खुशी की लहर**

**हुगली, समाज्ञा**

हुगली जिले की चुंचुड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 8 स्थित कपासडांगा की निवासी रूपकथा घोष ने वॉलीबॉल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रूपकथा भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयनित होकर पड़ोसी देश चीन खेलने के लिए रवाना हुईं।

रूपकथा ने शुरुआत में जिमनास्टिक से खेल जीवन शुरू किया था, लेकिन जल्द ही उनका मन वॉलीबॉल में रमने लगा। स्थानीय बैंडेल वॉलीबॉल मैदान से शुरुआती प्रशिक्षण लेने के बाद, अपनी मां का हाथ पकड़कर भद्रेश्वर वॉलीबॉल अकादमी में दाखिला लिया। पढ़ाई और वॉलीबॉल के साथ-साथ रूपकथा को चित्रकला भी पसंद है।

आज रूपकथा बंगाल की उभरती हुई वॉलीबॉल खिलाड़ियों में गिनी जाती हैं। उनके पिता एक निजी संस्था में काम करते हैं। माता-पिता भास्कर घोष और रंजिता घोष की कड़ी मेहनत, संघर्ष और सहयोग से ही रूपकथा ने भारतीय टीम में जगह बनाई है।

मां रंजिता घोष ने कहा, 'बहुत कठिनाइयों से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। प्रतियोगिता भी बहुत कड़ी थी। फिर भी मेरी बेटी देश के लिए खेलेगी, इससे बड़ा गर्व हमारे लिए कुछ नहीं। उसकी उम्र अभी बहुत कम है, आने वाले समय में वह सीनियर टीम में भी खेले, यही हमारी आशा है। कोच पार्थ और पानु सर ने बहुत सहयोग किया। हम चाहते हैं कि वह भारत का नाम रोशन करके वापस आए।'

परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के बावजूद रूपकथा ने खेल को जारी रखा। रांची कैंप में उन्होंने बेहतरीन प्रैक्टिस की है, इसलिए परिवार को जीत की पूरी उम्मीद है।

चीन रवाना होने के दौरान वीडियो कॉल में रूपकथा ने कहा कि तैयारी बहुत अच्छी है। पहली बार हम चीन खेलने जा रहे हैं, यह एक अलग ही अनुभव है। जो कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस हमने की है, उसके दम पर टीम का लक्ष्य है कि भारत का मान बढ़े।

जिले में रूपकथा की इस उपलब्धि पर गर्व और खुशी का माहौल है।

## उत्तरपाड़ा में युवक की संदिग्ध मौत, घर की दूसरी मंजिल से मिला शव, इलाके में सनसनी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के उत्तरपाड़ा थाना अन्तर्गत उत्तारपाड़ा स्टेशन रोड स्थित एक घर के अंदर से एक युवक का शव मिलने पर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही उत्तरपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान मनोरंजन बसाक (45) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मनोरंजन घर की ऊपर वाली मंजिल पर अकेले रहता था, जबकि नीचे की मंजिल पर उनकी मां और विवाहित बहन अपने परिवार के साथ रहती थीं। मनोरंजन का अपनी पत्नी से तलाक हो चुका था। बताया जा रहा है कि वे अवसाद में रहते थे और नशा करने की आदत थी। परिवार के लोगों का दावा है कि उन्हें ऊपर किसी भी तरह की हलचल का पता नहीं



चला। गुरुवार कमरे से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को सूचना दी गई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसते ही कमरे के फर्श पर मनोरंजन का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत किस कारण हुई, इसका पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## युवक की घर में हत्या का सनसनीखेज मामला, तेजधार हथियार से घातक वार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मुचिपाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक युवक की अपने घर में हत्या कर दी गई। मृत युवक का नाम अशोक कुमार दास (48) के रूप में हुई। यह घटना 25 नंबर शशिभूषण दे स्ट्रीट इलाके की है। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिकित्सकों का प्रारंभिक अनुमान है कि तेजधार हथियार से किए गए घातक वारों के कारण अशोक की मृत्यु हुई। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि



मृतक के परिवार की तरफ से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी, इसलिए स्वप्रेरित मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है और यह भी देखा जा रहा है कि क्या यह दंपत्य विवाद के कारण हुई हत्या है। पुलिस ने विशेष धाराओं में मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### एआईटीयूसी ने परिवहन कर्मियों पर बढ़े जुर्माने वापस लेने की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल टैक्सी ऑपरेटर्स' को-ऑर्डिनेशन कमेटी (एआईटीयूसी) ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 11 नवंबर, 2025 को जारी केंद्रीय मोटर वाहन (पांचवां संशोधन) नियम, 2025 का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। कमेटी के संयोजक एवं एआईटीयूसी के उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि वाहनों की जांच, टेस्ट और फिटनेस प्रमाणपत्र के नवीनीकरण पर लगाए गए नए शुल्क और जुर्माने अत्यधिक एवं असंगत हैं और पूर्व दरों की तुलना में कई गुना बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन कर्मियों और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद खराब है, जबकि परिवहन क्षेत्र भी लगातार गिरावट का सामना कर रहा है। ऐसे में भारी-भरकम शुल्क और दंडात्मक प्रावधानों का बोझ परिवहन कर्मियों की आजीविका को और संकट में डाल देगा।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ थाना अंतर्गत कसबा इलाके में बुधवार की देर शाम एक युवक का रहस्यमय परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे युवक का शव पड़ा हुआ देखा और इसकी जानकारी तुरंत नारायणगढ़ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर मकरामपुर अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विद्युत नायक (35) के रूप में हुई है, जो नारायणगढ़ थाना अंतर्गत काजला इलाके का रहने वाला था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शव सबसे पहले राहगीरों की नजर में आया। फिलहाल, युवक की मौत किस कारण हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## खड़दह में 21 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह थाने की पुलिस ने बुधवार की रात 21 किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मिली सूचना के आधार पर खड़दह थाना पुलिस ने बुधवार की रात खड़दह जूट मिल के पास एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान, पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से तीन बैग बरामद हुए, जिनमें लगभग 21 किलो गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने नशीले पदार्थों को मौके पर ही जब्त कर लिया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह भी बताया गया कि नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ बैरेकपुर पुलिस कमिश्नरेट लगातार सख्त अभियान चला रहा है, और यह कार्रवाई उसी के तहत की गई है।

## विदेश की खबरें

## भारत ने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका को सचल पुल प्रणाली और जलशोधन इकाईयां भेजीं

**कोलंबो :** भारत ने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका के लिये सचल मॉड्यूलर पुल प्रणाली और सैकड़ों जल शोधन इकाईयां हवाईमार्ग से भेजी हैं। भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से बताया गया कि यह सहायता अलग-थलग पड़े समुदायों को जोड़ने और आवश्यक सेवाएं बहाल करने के लिए मानवीय समर्थन का हिस्सा है। चक्रवात 'दित्वा' के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे श्रीलंका में अवसंरचनाएं ध्वस्त होने से कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं। 16 नवंबर से लगातार बनी इन



अत्यधिक खराब मौसमी स्थितियों के कारण बुधवार शाम तक कम से कम 479 लोगों की जान जा चुकी है और 350 लापता हैं। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि कोलंबो के अनुरोध पर भारतीय वायु सेना का एक सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान बुधवार को बेली ब्रिज प्रणाली के साथ 500 जल शोधन इकाईयां लेकर पहुंचा।

मिशन ने कहा, क्षतिग्रस्त पुलों को बदलने के लिए यह विशाल संरचना कुछ ही घंटों में स्थापित की जा सकती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं की पहुंच मज़बूत होगी। पुल को स्थापित करने के लिए विमान में विशेषज्ञ इंजीनियरों सहित 22 कर्मी और पहले तैनात किए गए फील्ड अस्पताल की सहायता के लिए एक मेडिकल टीम भी भेजी गई है।

### बांग्लादेश में 4.1 तीव्रता के भूकंप के झटके

**ढाका :** बांग्लादेश में बृहस्पतिवार तड़के 4.1 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके राजधानी ढाका और आसपास के जिलों में महसूस किये गए। समाचार पोर्टल 'टीबीएसन्यूज डॉट नेट' ने यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के हवाले से बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 14 मिनट पर आया और उसका केंद्र नरसिंगडी में 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। हालांकि भूकंप से जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। खबर के अनुसार भूकंप का केन्द्र कम गहराई पर होने के कारण ढाका और आसपास के जिलों के निवासियों को हल्के झटके ही महसूस हुए।

## पाकिस्तान में 2025 में आतंकी घटनाओं में 25 फीसदी वृद्धि हुई : थिंक टैंक

**कराची :** आतंकवाद से जूझ रहे पाकिस्तान में 2025 में हिंसा संबंधी घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा खैबर पख्तूनख्वा सबसे बुरी तरह प्रभावित प्रांत रहा। यहां एक थिंक टैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। इस्लामाबाद स्थित 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस)' के अनुसार, इस साल जनवरी से नवंबर तक हिंसक घटनाओं में 3,187 मौतें हुई जिनमें 96 प्रतिशत से अधिक मौतें खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुईं तथा 92 प्रतिशत ऐसी घटनाएं भी इन्हीं दोनों प्रांतों की हैं। गैर-लाभकारी, स्वतंत्र थिंक टैंक सीआरएसएस द्वारा बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है, ''(इस साल) नवंबर तक हिंसा में कुल मिलाकर 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसके परिणामस्वरूप 3,187 मौतें हुईं। 2024 में 2,546 लोगों की जान



गयी थी यानी मौतों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई।'' पाकिस्तान में 2024 में हिंसक घटनाओं में 2,546 मौतें हुईं और 1981 लोग घायल हुए। इन आंकड़ों में आतंकवाद-रोधी अभियानों में मारे गए नागरिक, सुरक्षाकर्मी और आतंकवादी शामिल हैं। ये मौतें हिंसा की 1,188 दर्ज घटनाओं में हुईं, जिनमें आतंकवादी हमले और आतंकवाद-रोधी अभियान शामिल हैं। ये मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में केंद्रित थे।

देश में सुरक्षा परिदृश्य की निगरानी के लिए नागरिक संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापित सीआरएसएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान के साथ झड़पों और तनावपूर्ण संबंधों के बाद, खैबर पख्तूनख्वा में हाल के महीनों में हिंसा अपने चरम पर रही है।

## रूस से यूक्रेनी बच्चों की वापसी की मांग वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से भारत ने दूरी बनाई

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक मसौदा प्रस्ताव से दूरी बना ली, जिसमें मांग की गई है कि रूस युद्ध शुरू होने के बाद से जबरन स्थानांतरित सभी यूक्रेनी बच्चों की तत्काल, सुरक्षित और बिना शर्त वापसी सुनिश्चित करे। बुधवार को 193 सदस्यीय महासभा ने 'यूक्रेनी बच्चों की वापसी' प्रस्ताव को पारित कर दिया, जिसके पक्ष में 91 वोट पड़े, विपक्ष में 12 तथा 57 अनुपस्थित रहे। भारत उन देशों में शामिल था, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया।

इस सूची में बहरीन, बांग्लादेश, ब्राजील, चीन, मिस्र, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका भी शामिल थे। प्रस्ताव में मांग की गई कि रूस ''उन सभी यूक्रेनी बच्चों की तत्काल, सुरक्षित और बिना शर्त वापसी सुनिश्चित करे जिन्हें जबरन स्थानांतरित या निर्वासित किया गया है।'' यूक्रेन की उप विदेश मंत्री मारियाना बेत्सा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 11वें आपातकालीन विशेष सत्र में मसौदा प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि अक्टूबर 2025 तक, जबरन स्थानांतरित बच्चों की संख्या 6395 हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, जबरन स्थानांतरण के 20,000 से ज्यादा मामलों की जांच की जा रही है। रूस की उप स्थायी प्रतिनिधि मारिया जाबोलोत्स्काया ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपनी टिप्पणी में कहा कि मसौदा प्रस्ताव ''झूठे आरोपों'' से भरा हुआ है।

## सागर ब्लॉक में 'दीदी के दूत' अभियान की रिपोर्ट की समीक्षा, सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा का औचक निरीक्षण

**गंगासागर :** सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने आज अचानक सागर ब्लॉक के वॉर रूम का दौरा किया और हाल ही में आयोजित 'दीदी के दूत' अभियान की रिपोर्टों का विस्तार से निरीक्षण किया। उनके इस अचानक दौरे से प्रशासनिक गतिविधियों में और तेजी देखने मिली।

मंत्री ने सागर ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की, जिसमें लोगों से प्राप्त शिकायतें, सुझाव और जनहित से जुड़े मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सरकारी सेवाओं की समय पर उपलब्धता और लोगों तक योजनाओं का सही रूप से लाभ पहुंच रहा है या नहीं-इस पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में सेवा वितरण में देरी हो रही है या असंतोष अधिक है, उन्हें प्राथमिकता देकर समस्याओं के



समाधान के लिए समयबद्ध रोडमैप तैयार किया जाए।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश के अनुसार जनता की दहलीज़ तक सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। 'दीदी के दूत' अभियान की रिपोर्ट हमें आम लोगों की वास्तविक जरूरतों और समस्याओं से परिचित कर रही है। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिकायतों का त्वरित समाधान कर रिपोर्ट जमा करनी होगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि सुंदरबन क्षेत्र के विकास को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें सीधे लोगों की समस्याएं जानने का अवसर मिल रहा है।

## खालिदा जिया की हालत नाजुक, इलाज के लिए लंदन ले जाया जाएगा

**ढाका :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत नाजुक बनी हुई है और उनकी देखभाल कर रहे मेडिकल बोर्ड ने बृहस्पतिवार को उन्हें बेहतर इलाज के लिए लंदन भेजने का फैसला लिया। खालिदा के निजी चिकित्सक ए.जेड.एम. जाहिद हुसैन ने यह जानकारी दी। 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया (80) को आधी रात के बाद या शुक्रवार तड़के एयर एम्बुलेंस से लंदन ले जाया जाएगा, जहां उनके बड़े बेटे और कार्यवाहक बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान रहते हैं। हृदय और फेफड़ों में संक्रमण की शिकायत के बाद 23 नवंबर को उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के चार दिन बाद, स्वास्थ्य संबंधी



समस्याएं बढ़ने पर उन्हें 'कोरोनरी केयर यूनिट' (सीसीयू) में भर्ती किया गया। वह तीन बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। अस्पताल के बाहर हुसैन ने पत्रकारों से कहा, ''मेडिकल बोर्ड ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि उन्हें कतर रॉयल एयर एम्बुलेंस के माध्यम से आधी रात के बाद या फिर कल सुबह लंदन

## ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी, एच-4 वीजा धारकों को सोशल मीडिया प्रोफाइल सार्वजनिक करने को कहा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिकी सरकार ने एच-1बी वीजा आवेदकों और उन पर आश्रित एच-4 वीजा धारकों के लिए जांच और सत्यापन प्रक्रियाएं कड़ी कर दी हैं। नए निर्देशों के तहत सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल की निजता 'सेटिंग्स' ''सार्वजनिक'' (पब्लिक) रखने के लिए कहा गया है। विदेश विभाग ने बुधवार को जारी किए नए आदेश में कहा कि 15 दिसंबर से सभी एच-1बी आवेदकों और उनके आश्रितों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा की जाएगी। इससे पहले छात्र (एफ, एम) और 'एक्सचेंज विजिटर' (जे वीजा) पहले से ही ऐसी जांच के दायरे में थे, जिसे अब एच-1बी और एच-4 वीजा तक बढ़ा दिया गया है। विदेश विभाग ने कहा, ''इस जांच को सुगम बनाने के लिए सभी एच-1बी, एच-4, एफ, एम और जे वीज़ा आवेदकों को अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल की प्राइवेसी सेटिंग्स सार्वजनिक करने के निर्देश दिए जाते हैं।'' विभाग ने जोर देकर कहा कि अमेरिकी वीजा कोई ''अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेषाधिकार'' है और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उपलब्ध सभी सूचनाओं का उपयोग करके आवेदकों की गहन जांच की जाती है। बयान में कहा गया है,




''हर वीजा निर्णय एक राष्ट्रीय सुरक्षा का निर्णय है।'' यह कदम ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन नियमों को कठोर बनाने की नवीनतम कार्रवाई है। प्रशासन एच-1बी वीज़ा के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए व्यापक कार्रवाई कर रहा है, जिसका उपयोग बड़े पैमाने पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने में करती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान में सर्दी ने जोर पकड़ा, फतेहपुर में तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस

**जयपुर:** राजस्थान में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है और फतेहपुर में बुधवार रात न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य के अनेक हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार रात फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस, लूणकरणसर में 2.9 डिग्री, सीकर में 3.8 डिग्री, नागौर में 4.0 डिग्री, चुरू में 4.7 डिग्री, दौसा में 4.8 डिग्री, अलवर में 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा। इसके अनुसार आगामी दिनों में राज्य के उत्तरी भागों में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की और गिरावट होने की संभावना है। इस दौरान राज्य के शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं न्यूनतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस होने व कहीं-कहीं शीतलहर की संभावना है।

### बलिया में पुलिस के साथ मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में बुधवार देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गोवंश तस्करी के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ बलिया जिले के सिकंदरपुर इलाके में बुधवार देर रात हुई। मुठभेड़ में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सिकंदरपुर पुलिस बुधवार रात खरीद गांव से नदी की ओर जाने वाले मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आ रहे एक युवक को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की। भागते समय उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई और वह गिर पड़ा। एएसपी के अनुसार, खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर गांव निवासी बृजेश के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

# राम मंदिर में धर्म ध्वजा फहराया जाना भारतीय सभ्यता की विरासत को आगे बढ़ाने का प्रतीक : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के शिखर पर पिछले माह धर्म ध्वजा फहराया जाना हर भारतीय के लिए गर्व का पल है और यह देश की अटूट सभ्यता की विरासत में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राम जन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण और धर्म ध्वजा का फहराया जाना भारत की सांस्कृतिक निरंतरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'यह हमारी सभ्यता की यात्रा में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर है जो हर भारतीय को इस विरासत का वारिस होने पर गर्व महसूस कराता है।'



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय प्रतीकों में है और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण से राष्ट्रीय एकता कमजोर होती है। उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह और रानी लक्ष्मीबाई जैसे ऐतिहासिक लोगों और देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सपूतों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी हिम्मत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि त्योहार और परंपराएं राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत करती हैं। साथ ही लोगों को सामाजिक मतभेदों से ऊपर उठाकर एक साथ लाती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पांच वादे' भी बताए और कहा कि इनसे देश को अपनी विरासत से फिर से जुड़ने, उपनिवेशवाद की सोच को खत्म करने और सेना के प्रति सम्मान को फिर से पक्का करने में मदद मिली है। आदित्यनाथ ने कहा, 'राष्ट्रीय पहचान को जाति, क्षेत्र और भाषा के बंटवारे से ऊपर उठाया जाना चाहिये। अगर हम इन पांच संकल्पों को साधते हैं तो कोई कारण नहीं है कि भारत पूरी तरह से विकसित देश न बन सके।'

### सांसद, विधायक, मंत्री और वीवीआईपी अपने वाहनों पर लगवाएं छूट वाला फास्टैग: बिहार सरकार

**पटना:** बिहार सरकार ने सांसदों, विधायकों मंत्रियों व अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीवीआईपी) से अपनी सरकारी गाड़ियों में छूट वाले फास्टैग लगाने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया ताकि उन्हें टोल प्लाज़ पर पूर्ण छूट मिल सके और वे बिना किसी बाधा के टोल प्लाजा से उनके वाहन निकल सकें। राज्य के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सभी संबंधित वीवीआईपी को पत्र लिखकर अपने पात्र सरकारी वाहनों पर एक्ज़ेम्प्टेड फास्टैग (छूट वाला फास्टैग) शीघ्र लगवाने और राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के 'एक्ज़ेम्प्शन पोर्टल' पर अनिवार्य पंजीकरण कराने का आग्रह किया है। मंत्री ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि भारत सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत सभी पात्र सरकारी वाहनों को तीन महीने के भीतर एनएचएआई के 'एक्ज़ेम्प्शन पोर्टल' पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## सरकार आत्महत्या करने वाले बीएलओ के परिजन के साथ खड़ी है : उप मुख्यमंत्री

**हाथरस (उप्र):** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में लगे कुछ बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के कथित रूप से उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या किये जाने पर कहा कि सरकार उनके परिजन के साथ खड़ी है और उनकी पूरी मदद करेगी। बीएलओ का मानसिक उत्पीड़न किए जाने के सवाल पर पाठक ने कहा कि अगर कोई विशेष शिकायत है तो उसकी जांच करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को प्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री दिवंगत रामवीर उपाध्याय के पिता के निधन के बाद उनके परिजनों से मुलाकात करने उनके आवास पर आये थे। इस मौके पर पाठक ने संवाददाताओं से बातचीत में हाल में एसआईआर के काम में लगे कुछ बीएलओ द्वारा कथित रूप से काम के बोझ से परेशान होकर



खुदकुशी किए जाने के सवाल पर कहा की निर्वाचन आयोग इस मसले पर काम कर रहा है और सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी पूरी मदद करेगी। कुछ उच्च अधिकारियों द्वारा एसआईआर को लेकर अपने अधीनस्थ बीएलओ का मानसिक उत्पीड़न किए जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, यदि कोई विशेष शिकायत है तो उसकी जांच होगी।

# मेरा नाम सम्राट चौधरी है, बुलडोज़र बाबा नहीं: सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका नाम न तो बुलडोजर बाबा' है और न ही बुलडोज़र'' से उनका कोई संबंध है। उन्होंने कहा, ''मैं केवल सम्राट चौधरी के नाम से ही जाना जाता हूं।' विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का पक्ष रखते हुए चौधरी ने सख्त लहजे में कहा कि जो लोग मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर गाली-गलौज करेंगे, उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कानून स्पष्ट है और ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की चल रही कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया न्यायालय के आदेश पर की जा रही है । उपमुख्यमंत्री ने कहा,'कोई माफिया नहीं बचेगा, सब पर कार्रवाई होगी।'



उन्होंने दोहराया कि अतिक्रमण मुक्त अभियान का मकसद केवल कानून के शासन को स्थापित करना है और इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। इससे पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का पक्ष रखते हुए विधायक कुमार सर्वजीत ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर अतिक्रमण-विरोधी कार्रवाई को लेकर निशाना साधते हुए उन्हें मीडिया में 'बुलडोज़र बाबा' से संबोधित किए जाने का मुद्दा उठा दिया। सर्वजीत ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज हुई है, जिसका सबसे अधिक असर गरीबों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार साथी अखबारों और टीवी चैनलों पर उन्हें बुलडोज़र बाबा कहकर संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने व्यंग्य किया, 'सम्राट चौधरी के पिता ने उनका नाम सोच-समझकर रखा था, लेकिन पत्रकारों ने उनका नाम ही बदल दिया है।' राजद विधायक ने बताया कि जब उन्होंने पत्रकारों से पूछा कि उपमुख्यमंत्री को 'बुलडोज़र बाबा' किसने बना दिया, तो जवाब मिला कि 'गरीबों की झोपड़ियां उजड़ रही हैं, इसलिए यह नाम पड़ा है।'

## नीतीश ने बिहार विधानसभा में प्रधानमंत्री की तारीफ की, विधायकों से भी ऐसा करने के लिए कहा

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सरकार को मिल रहे सहयोग का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने राज्य विधानसभा के सदस्यों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना आभार व्यक्त करने के लिए हाथ उठाएं। उन्होंने राज्यपाल द्वारा दोनों सदनों के संयुक्त अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान यह बात कही। लगातार पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड बना चुके कुमार ने अपने पिछले 20 वर्ष के शासनकाल में राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से



बात की। उन्होंने 20 मिनट के भाषण के अंत में उन्होंने कहा, राज्य के विकास के लिए हमें केंद्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है। जुलाई 2024 में पेश किए गए बजट में केंद्र ने सड़कों, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण को लेकर विशेष वित्तीय सहायता दी। उन्होंने कहा, इसके बाद फरवरी 2025 में पेश किए गए बजट में मखाना बोर्ड स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, साथ ही हवाई अड्डे बनाने और पश्चिम कोसी नहर परियोजना के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की गई। इसी साल बिहार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी का अवसर भी मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, इन सभी चीजों के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सलाम करता हूं। मैं सभी सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि वे हाथ उठाकर ऐसा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कई बार बिहार आए हैं और कई परियोजनाओं की शुरुआत की है।

### हरियाणा: महिला ने दो साल में तीन बच्चियों की हत्या की, शक से बचने के लिए बेटे की भी हत्या की

**चंडीगढ़:** हरियाणा की 32 वर्षीय एक महिला ने पिछले दो साल में तीन बच्चियों की कथित तौर पर हत्या कर दी, क्योंकि वह उनकी सुंदरता के कारण उनसे नफरत करने लगी थी और शक से बचने के लिए उसने अपने तीन साल के बेटे की भी हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह अपराध तब सामने आया जब पानीपत पुलिस ने सोमवार को छह साल की बच्ची की मौत के मामले का खुलासा किया। आरोपी महिला की पहचान पूनम के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, उसने हर बार एक ही तरीका अपनाया- पानी से भरे टब या टैंक में डुबोकर हत्या करना। पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी मनोरोगी प्रतीत होती है और उसने अपनी एक रिश्तेदार को उस समय निशाना बनाया जब वह अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। तीनों पीड़ित बच्चियां महिला की रिश्तेदार थीं। इनमें से दो छह साल की और एक नौ साल की थी। सोमवार को हुई हत्या से पहले, मृतकों के परिवारों ने बच्चियों की मौत को दुर्घटनावश हुई मौत मानकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया था। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अन्य हत्याओं का भी खुलासा किया। एसपी ने पानीपत में पत्रकारों को बताया, उसने 2023 में भावर में अपने बेटे समेत दो बच्चों की और इसी साल अगस्त में सिवाह में एक लड़की की हत्या की थी।

## न्यूज अपडेट

### हाथरस भगदड़ मामले में अभियोजन के 11वें गवाह ने दी गवाही

**हाथरस(उप्र):** हाथरस भगदड़ मामले में अभियोजन पक्ष के 11वें गवाह ने बृहस्पतिवार को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को निर्धारित की गई है। जिले की सिकंदराराऊ कोतवली क्षेत्र के मुग़लगढ़ी व फुलरई गांव के बीच दो जुलाई 2024 को सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। बचाव पक्ष के वकील मुन्ना सिंह पुंडीर ने बताया कि आज अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने गवाही दी जो पूरी हो गई है। इस मामले में अगली तारीख 11 दिसंबर को है। पुंडीर ने बताया कि अगली तारीख पर कोई और पुलिसकर्मी गवाही के लिए पेश होगा। पुंडीर ने बताया कि इस मामले में 672 गवाह हैं और पुलिस कितने गवाह पेश करती है, यह उसपर निर्भर करता है। जिला अदालत इस मामले में विशेष जांच दल के आरोप पत्र पर सुनवाई पूरी कर चुकी है। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों के विरुद्ध 3200 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था।

### उत्तर प्रदेश के अमरोहा में खड़े ट्रक से टकराई कार, चार चिकित्सकों की मौत

**अमरोहा (उप्र):** अमरोहा जिले के रजबपुर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार खड़े हुए ट्रक से टकराने के कारण चार चिकित्सकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे अतरासी इलाके के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रक के नीचे फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कटर से कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के निवासी आयुष शर्मा, श्रेष्ठ पंचोली, कोलकाता के निवासी अर्नब चक्रवर्ती और त्रिपुरा के रहने वाले सप्तऋषि के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

### खड़े ट्रक से टकरायी बिहार से आ रहे श्रद्धालुओं की कार, चालक समेत दो की मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के बिहार से वाराणसी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक कार के खड़े ट्रक से टकराने से एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि तड़के लगभग चार बजे बैरिया क्षेत्र स्थित चांद दियर यादव बस्ती के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकरायी। इस घटना में कार चालक आशु सिंह (30) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को सोनबरसा स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में शामिल आरती घोष (11) की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय बिहार के वैशाली जिले के निवासी सात लोग कार से दर्शन के लिए वाराणसी जा रहे थे और रास्ते में कार चालक की आंख लग गई जिसकी वजह से उसकी गाड़ी ट्रक से जा टकरायी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई तेज, पुलिस और खुफिया इकाइयों ने कई जिलों में गहन जांच अभियान शुरू किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी अप्रवासियों के खिलाफ राज्यव्यापी कार्रवाई के बीच, पुलिस और खुफिया इकाइयों ने बृहस्पतिवार को प्रमुख जिलों में गहन सत्यापन अभियान चलाया। इस समन्वित अभियान के तहत, राज्य की राजधानी लखनऊ, कन्नौज, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद, गोरखपुर, आगरा, सहारनपुर, मथुरा और कई अन्य जिलों में इसी तरह की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने नगर निकायों और पुलिस इकाइयों को अपने क्षेत्र में रहने वाले सभी संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान करने, उनके दस्तावेजों की जांच करने और वैध दस्तावेजों के अभाव वाले अप्रवासियों की जिला-वार सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को सरकारी भवनों और पुलिस केंद्रों की पहचान करने का निर्देश दिया है जिन्हें निर्वासन प्रक्रिया पूरी होने तक अस्थायी हिरासत केंद्रों में परिवर्तित किया जा सके। बागपत में, पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय ने कहा कि स्थानीय थानों और खुफिया इकाइयों की मदद से संवेदनशील स्थानों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया, किरायेदारों, बाहरी लोगों और ऐसे लोगों की सूची तैयार की जा रही है जो वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं। अब तक किसी भी अवैध अप्रवासी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सतर्कता जारी है। मेरठ में, जिला प्रशासन ने संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की जांच तेज कर दी है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कार्रवाई की निगरानी वरिष्ठ स्तर पर की जा रही है और यदि सरकार हमें हिरासत केंद्र स्थापित करने का निर्देश देती है, तो हम तुरंत ऐसे करेंगे।

## समाज्ञा CINE मंत्र

# अपनी पहली फिल्म में मैं जितना बेचैन था, आज भी उतना ही बेचैन हूं: अनुपम खेर



**मुंबई:** अभिनेता अनुपम खेर का कहना है कि उम्र के साथ-साथ अभिनय के प्रति उनका जुनून कम नहीं हुआ है। उन्होंने इस पेशे की तुलना समुद्र से करते हुए कहा कि अभिनय की दुनिया इतनी विशाल और गहरी है कि चाहे आप कितना भी कुछ ले लें, हमेशा और भी बहुत रह जाता है।

500 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके खेर ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं आज भी उतना ही बेचैन हूं जितना अपनी पहली फिल्म में था। मेरी उम्र के कई अभिनेताओं ने जीवन के उत्साह को त्याग दिया है और वे खुद को अधिक उम्र का या अधिक अनुभवी समझने लगे हैं। लेकिन यह एक ऐसा पेशा है जो समुद्र के जैसा है - आप इसमें से कितना भी पानी निकाल लें, फिर भी बहुत कुछ बचा ही रहेगा। और जीवन के प्रति मेरा नजरिया भी यही है।

अपने असीम उत्साह के बारे में पूछे जाने पर खेर ने कहा, मैं अपना जीवन पूरी तरह से जीता हूं और इसके लिए उत्साही होना आवश्यक है। उम्र ने मुझे स्थिर नहीं होने दिया है।

अभिनेता ने कहा कि वह अमेरिकी अभिनेता-फिल्म निर्माता क्लिंट ईस्टवुड और वुडी एलन के साथ-साथ भारतीय सुपरस्टार अमिताभ बच्चन जैसी हस्तियों से प्रेरणा लेते हैं और सिनेमा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हैं।

भूमिकाओं और फिल्मों के चयन के संदर्भ में खेर ने कहा कि वह जानबूझकर वृद्ध पात्रों वाली कहानियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिनमें शिव शास्त्री बलबाओ, द सिग्नेचर, विजय 69 और तन्वी: द ग्रेट शामिल हैं।

खेर इन दिनों अपनी 549वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसका निर्देशन उनके पुराने फिल्म निर्माता दोस्त सूरज बड़जात्या कर रहे हैं। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी भी हैं।

खेर ने कहा, मैं अगले महीने अपनी 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाला हूं। यह आश्चर्यजनक है कि ईश्वर और दर्शक मुझ पर कितने दयालु रहे हैं।

अभिनेता 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के अवसर पर बोल रहे थे, जहां उनकी चार फिल्में प्रदर्शित की गईं। इनमें अंग्रेजी भाषा की ड्रामा कैलोरी, उनकी 1994 की प्रशंसित रोमांटिक फिल्म 1942: ए लव स्टोरी, उनके निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी: द ग्रेट और विवेक अग्निहोत्री की द बंगाल फाइल्स शामिल हैं।

अभिनेता ने कहा कि वह खोसला का घोसला 2 पर काम शुरू करने को लेकर रोमांचित हैं और जल्द ही एक और फिल्म का निर्देशन करने के लिए भी उत्सुक हैं।

# अभिनेत्री यामी गौतम ने फिल्मों के 'पेड प्रमोशन' की आलोचना की

अभिनेत्री यामी गौतम ने अपने पति आदित्य धर की फिल्म ''धुरंधर'' के प्रदर्शन से पहले बॉलीवुड में फिल्मों के प्रचार के लिए भारी रकम खर्च करके फिल्म को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की प्रवृत्ति की आलोचना की और कहा कि 'पेड प्रमोशन' का यह चलन फिल्म उद्योग के भविष्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगा।

अभिनेत्री ने बृहस्पतिवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक 'नोट' साझा कर फिल्म के नकारात्मक प्रचार की आलोचना की, जो शुक्रवार को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

उन्होंने लिखा, 'एक बात है जो मैं बहुत समय से कहना चाह रही थी। मुझे लगता है आज वो दिन है और मुझे कहना ही होगा। फिल्म के प्रमोशन के नाम पर पैसे देने का ये तथाकथित चलन, ताकि फिल्म का अच्छा 'प्रचार' हो, वरना 'वे' (फिल्म रिलीज होने से पहले ही) लगातार नकारात्मक बातें लिखते रहेंगे, जब तक आप 'उन्हें' पैसे नहीं देते। ये एक तरह की जबरन वसूली जैसा लगता है।'

गौतम ने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि यह व्यवस्था किसी के लिए भी सुलभ है, चाहे वह किसी फिल्म को 'प्रचारित' करने के लिए हो या किसी अन्य अभिनेता/फिल्म के खिलाफ नकारात्मकता फैलाने के लिए, यह एक ऐसी 'महामारी' है जो हमारे उद्योग के भविष्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगी।'

'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक', 'बाला' और 'विक्की डोनर' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर गौतम ने स्थिति की तुलना दक्षिण सिनेमा उद्योग से की और कहा कि वहां ऐसा देखने को नहीं मिलता क्योंकि कलाकार एकजुट रहते हैं, इसलिए हिंदी सिनेमा में भी कुछ ऐसा ही करने की जरूरत है।



# सेना में शामिल होना मेरा पहला सपना था: जयदीप अहलावत

अभिनेता जयदीप अहलावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि जब वह किसी को सैनिक की वर्दी में देखते हैं तो उन्हें 'ईर्ष्या होती है, क्योंकि बचपन में उनका सपना था कि वह सेना में जाएं।

अभिनेता जल्द ही युद्ध नायक अरुण खेत्रपाल की बायोपिक 'इक्कीस' में नजर आएंगे।

इक्कीस' परमवीर चक्र से सम्मानित अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित फिल्म है जिसमें अभिनेता अगस्त्य नंदा खेत्रपाल की भूमिका में हैं और दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र उनके पिता एमएल खेत्रपाल की भूमिका में हैं। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है, जिन्होंने अरिजीत बिस्वास और पूजा लाधा सुरती के साथ लेखक के रूप में भी काम किया है।

'पाताल लोक' में अभिनय कर चुके अहलावत ने कहा कि सेना में उनके कई दोस्त हैं। अभिनेता ने बताया कि वह दो बार सेवा चयन बोर्ड की परीक्षा में असफल रहे।

उन्होंने ''इक्कीस' के एक कार्यक्रम में कहा, 'मैंने सोचा था कि मैं एक अच्छा (सेना) अधिकारी बनूंगा, लेकिन दुर्भाग्य से मुझे वापस घर भेज दिया गया। यह मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है।'

पच्चीस दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अहलावत कथित तौर पर एक सम्मानित पाकिस्तानी सेना अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं।

अहलावत ने कहा, 'मेरे जीवन का



सबसे कठिन दिन वह था जब मैं 2013 में चेन्नई में 'विश्वरूपम' की शूटिंग कर रहा था और मुंबई वापस आ रहा था। तब ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) की पासिंग आउट की घोषणा हुई और हवाई अड्डे पर मैंने कई लड़कों को देखा, और मुझे उनसे बहुत जलन हुई।'

उन्होंने कहा, 'जब भी मैं किसी को सैनिक की वर्दी में देखता हूं, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं, क्योंकि 18-19 साल के लड़के के रूप में यह मेरा पहला सपना था, जो भारतीय सेना में शामिल होना चाहता था।'

अहलावत ने बताया कि उन्हें खेत्रपाल की कहानी तब पता चली जब वह कुछ साल पहले भारतीय सैन्य अकादमी में सैनिकों के सम्मान समारोह में शामिल हुए थे।

उन्होंने कहा, ''खेत्रपाल से मेरा पहला परिचय तब हुआ जब मेरा एक दोस्त भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट हो रहा था। वहां मोटे अक्षरों में लिखा था 'खेत्रपाल ऑडिटोरियम। मैंने उससे इसके बारे में पूछा और मेरे दोस्त ने मुझे अरुण खेत्रपाल के बारे में सब कुछ बताया।'

इसी कार्यक्रम में अभिनेता अगस्त्य नंदा ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, छावनी अब घर जैसी लगने लगी है। हम इस फिल्म के लिए तीन साल से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इक्कीस में एक्शन दृश्यों का फिल्मांकन कठिन था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे से भारतीय नागरिक रिहा

**नयी दिल्ली :** युद्धग्रस्त यमन में जुलाई की शुरुआत में हूती विद्रोहियों द्वारा कब्जे में लिए गए केरल के एक व्यक्ति को रिहा करा लिया गया है। अनिलकुमार रवींद्रन मालवाहक जहाज 'एमवी एटर्निटी सी' के चालक दल के सदस्यों में शामिल थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत रवींद्रन की रिहाई का स्वागत करता है, जिन्हें सात जुलाई से यमन में बंधक बना कर रखा गया था। मंत्रालय ने बताया, वह कल मस्कट पहुंच गये हैं और जल्द ही उनके भारत लौटने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए सरकार विभिन्न पक्षों के साथ मिलकर प्रयास कर रही थी।

### झारखंड पोंजी मामला : ईडी ने उत्तर प्रदेश के तीन शहरों में छापे मारे

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को झारखंड पोंजी योजना में धन शोधन जांच के तहत उत्तर प्रदेश के तीन शहरों में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत जमाकर्ताओं से 300 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। मैक्सीजोन पोंजी योजना से संबंधित मामले में नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ में कम से कम 20 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। यह योजना कथित तौर पर दो लोगों चंद्र भूषण सिंह और प्रियंका सिंह ने शुरू की थी। झारखंड पुलिस द्वारा कुछ महीने पहले गिरफ्तार किए जाने के बाद से दोनों आरोपी अभी न्यायिक हिरासत में हैं। संघीय जांच एजेंसी का रांची मंडल कार्यालय तलाशी अभियान संचालित कर रहा है।

### रूस की रोसाटॉम ने कुडनकुलम संयंत्र को परमाणु ईंधन पहुंचाया

**नयी दिल्ली :** रूसी सरकारी परमाणु निगम ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने तमिलनाडु के कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में तीसरे संयंत्र की प्रारंभिक लोडिंग के लिए परमाणु ईंधन की पहली खेप पहुंचा दी है। परमाणु ईंधन की आपूर्ति ऐसे समय में हुई है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय दौरे पर नयी दिल्ली आए हैं। निगम ने एक बयान में कहा कि रोसाटॉम के परमाणु ईंधन प्रभाग द्वारा संचालित एक माल-वाहन विमान ने नोवोसिबिर्स्क केमिकल कंसन्ट्रेट प्लांट द्वारा निर्मित ईंधन संयोजकों की आपूर्ति की। कुडनकुलम संयंत्र में छह वीवीईआर-1000 संयंत्र होंगे जिनकी कुल स्थापित क्षमता 6,000 मेगावाट होगी। वीवीईआर, वोडो-वोडानोई एनर्जेटिकेस्की रिएक्टर का रूसी संक्षिप्त नाम है जिसका अर्थ है जल-शीतित, जल-संचालित विद्युत रिएक्टर। कुडनकुलम के पहले दो संयंत्र 2013 और 2016 में भारत के पावर ग्रिड से जुड़े थे। चार अन्य संयंत्र निर्माणाधीन हैं।

### असम सरकार ने प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े साहित्य पर प्रतिबंध लगाया

**गुवाहाटी :** असम सरकार ने जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी), अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) और इसी तरह के अन्य प्रतिबंधित या उनसे संबंधित कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े सभी साहित्य, दस्तावेज, सामग्री एवं डिजिटल सामग्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार चरमपंथी या 'जिहादी' सामग्री का प्रसार करने वाली वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज, एन्क्रिप्टेड चैनल, ऑनलाइन ग्रुप और डिजिटल मंच पर भी इसी तरह का प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध बुधवार को राज्यपाल के आदेश पर राजनीतिक (ए) विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 98 के तहत लगाया गया है। यह अधिसूचना सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) के प्रस्ताव और न्यायिक विभाग के अवलोकन पर आधारित थी। अधिसूचना में कहा गया है कि जेएमबी, एबीटी, अंसार-अल-इस्लाम/एक्यूआईएस के समर्थक और अन्य संबद्ध समूहों पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि ये ''भारत की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में लगे आतंकवादी संगठन हैं''।

# संसद ने तंबाकू उत्पादों पर समान कर बोझ वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** संसद ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित कर दिया, जिसमें तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद समान कर बोझ रखने के लिए उत्पाद शुल्क लगाने का प्रावधान है। राज्यसभा ने उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 में संशोधन वाले विधेयक को चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा इसे बुधवार को पारित कर चुकी है। उच्च सदन में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि तंबाकू और इसके उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाने से जीएसटी क्षतिपूर्ति कर समाप्त करने के बाद भी कर का बोझ समान रहेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि जीएसटी कानून में अधिकतम कर दर 40 प्रतिशत तय है, इसलिए यदि जीएसटी उपकर हटा दिया जाता है और उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जाता है तो तंबाकू पर कुल कर बोझ वर्तमान स्तर से कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कर बोझ (इंसिडेंस) जीएसटी मुआवजा उपकर के दौरान जितना था, उससे कम न हो, हम यह कर लेकर आ रहे हैं। एक तरह से हम कह रहे हैं कि कर बोझ कम होने से सिगरेट सस्ती नहीं होनी चाहिए।''

### पान मसाला पर उपकर से मिले राजस्व का हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जाएगा: सीतारमण



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि पान मसाला के उत्पादन पर उपकर लगाने के प्रावधान का मकसद स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है तथा इससे मिलने वाले राजस्व का एक हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने सदन में 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा कि इस विधेयक का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा तथा पान मसाला के उपभोग पर 40 प्रतिशत की जीएसटी बरकरार रहेगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज के पति एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन



**नयी दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज के पति एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल तथा वरिष्ठ अधिवक्ता स्वराज कौशल का बृहस्पतिवार को यहां निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने एक बयान में बताया कि सीने में दर्द होने के बाद स्वराज कौशल की इकलौती बेटी और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज तथा परिवार के अन्य सदस्य उन्हें एम्स ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वराज कौशल के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा वंचितों की मदद के लिए कानूनी पेशे का उपयोग करने के लिए उन्हें याद किया। कौशल का अंतिम संस्कार लोधी रोड श्मशान घाट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी तथा आरएसएस के कई नेताओं की उपस्थिति में किया गया। बयान में कहा गया, ''स्वराज कौशल की बेटी बांसुरी स्वराज ने सूर्यास्त से पहले चिता को मुखाग्नि दी और सनातन परंपराओं का पालन करते हुए अंतिम संस्कार पूरा किया।'' दिल्ली पुलिस की एक टुकड़ी ने श्मशान घाट पर पूर्व राज्यपाल को अंतिम सलामी दी। बांसुरी स्वराज ने 'एक्स' पर एक भावुक पोस्ट में कहा कि उनके पिता का स्नेह, अनुशासन, सादगी, देशभक्ति और असीम धैर्य उनके जीवन का प्रकाश पुंज था।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल के निधन पर शोक व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा वंचितों की मदद के लिए कानूनी पेशे का इस्तेमाल करने के लिए उन्हें याद किया। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''श्री स्वराज कौशल जी के निधन से मैं दुखी हूं। उन्होंने खुद को एक वकील और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया जो वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कानूनी पेशे का उपयोग करने में विश्वास करते थे।''

## पाकिस्तानी जासूसों के साथ संवेदनशील जानकारियां साझा करने पर पूर्व सैनिक एवं एक महिला गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सैन्य प्रतिष्ठानों और कर्मियों के बारे में संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तानी एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी और एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी अजय कुमार सिंह को एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी ने भारतीय सेना की रेजीमेंटों की गतिविधियों/आवागमन और प्रमुख सैन्य अधिकारियों के स्थानांतरण के बारे में जानकारी देने के लिए फुसलाया था, जबकि अन्य आरोपी रश्मणी पाल को कुछ व्यक्तियों को मोहपाश में फंसाने के लिए कहा गया था। एटीएस का कहना है कि बिहार के मूल निवासी सिंह (47) को गोवा में गिरफ्तार किया गया, जहां वह 2022 में सेवानिवृत्ति के बाद एक 'डिस्टिलरी' में काम कर रहा था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी पाल (35) को केंद्र शासित प्रदेश दमन से पकड़ा गया, जहां वह ट्यूशन पढ़ाती थी। एजेंसी ने कहा कि 'अंकिता शर्मा' के नाम से काम करने वाली पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी सिंह के संपर्क में थी। एटीएस पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कोरुकोंडा ने बताया कि पाल 'प्रिया ठाकुर' के फर्जी नाम से काम करती थी तथा कथित तौर पर अपने पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर सैन्य कर्मियों से दोस्ती करके उनसे सूचनाएं हासिल करती थी।

## 2009 से अब तक अमेरिका ने 18,822 भारतीयों को किया निर्वासित, वर्ष 2025 में 3,258 : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि अमेरिका ने वर्ष 2009 से अब तक कुल 18,822 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है, जिनमें जनवरी 2025 से अब तक निर्वासित किए गए 3,258 भारतीय शामिल हैं। उच्च सदन में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा कि मानव तस्करी के मामलों की जांच राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भी की है, जिनमें पंजाब में सर्वाधिक मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने एक लिखित उत्तर में बताया, ''2009 से अब तक कुल 18,822 भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजा गया है।'' मंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 में 617 भारतीयों को



और 2024 में 1,368 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किया गया। उन्होंने कहा ''जनवरी 2025 से अब तक कुल 3,258 भारतीय नागरिकों को अमेरिका ने भारत निर्वासित किया है। इनमें से 2,032 भारतीय (लगभग 62.3 प्रतिशत) नियमित वाणिज्यिक उड़ानों से और शेष 1,226 भारतीय (37.6 प्रतिशत) अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) या सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) द्वारा संचालित चार्टर उड़ानों से लौटे हैं।'' पूरक प्रश्नों के उत्तर में जयशंकर ने बताया कि एनआईए ने कुछ वर्ष पहले मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ की स्थापना की थी, जिसे मानव तस्करी के मामलों की जांच का प्राधिकार प्राप्त है। राज्यों ने भी इस प्रकार के मामलों में जांच शुरू की है। उन्होंने बताया ''एनआईए ने मानव तस्करी के 27 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की है, जिनमें 169 गिरफ्तारियां हुई हैं और 132 व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए गए हैं। एनआईए ने हरियाणा और पंजाब में सात अगस्त को दो प्रमुख तस्करों को और हिमाचल प्रदेश में दो अक्टूबर को दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया।''

### राज्यसभा में उठा डॉक्टरों की सुरक्षा का मुद्दा, राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की गई

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा सदस्य फौज़िया खान ने बृहस्पतिवार को डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने की मांग की। राकांपा (शरद पवार) की नेता खान ने उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी जीवनरक्षक होते हैं और लोग उन पर ईश्वर के बाद सर्वाधिक भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन आज यही डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी धमकाए जा रहे हैं, उन पर हमले हो रहे हैं, उन्हें गालियां दी जा रही हैं और भीड़ द्वारा घेरा भी जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि समस्या का स्तर इतना बड़ा है कि उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारतीय चिकित्सा एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि 75 प्रतिशत डॉक्टर अपने जीवन में किसी न किसी प्रकार की हिंसा का सामना कर चुके हैं। खान ने कहा ''यह समस्या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश में फैली हुई है। बार-बार हमलों के कारण डॉक्टर आपातकालीन या ट्रॉमा ड्यूटी करने से कतराने लगे हैं। और स्वाभाविक है कि जब डॉक्टर खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते, तो इसका खामियाजा अंततः मरीजों को उठाना पड़ता है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पर्याप्त तत्परता नहीं दिखा रही है।

### मुस्लिम सांसदों ने रीजीजू से मुलाकात की, वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया

**नयी दिल्ली :** विपक्ष के कई मुस्लिम सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू से मुलाकात कर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया। कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन, इमरान प्रतापगढ़ी, इमरान मसूद, जे.बी. मैथर, झारखंड मुक्त मोर्चा (झामुमो) के सरफराज अहमद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की फौजिया खान और द्रमुक सांसद राजाथी सलमा ने संसद भवन परिसर में रीजीजू से मुलाकात कर इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। प्रतापगढ़ी ने कहा, ''आज हम लोगों ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रीजीजू से मुलाक़ात की और 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ़ सम्पत्तियों के पंजीकरण की तिथि कम से कम 6 महीने और बढ़ाने की मांग की। रीजीजू जी ने आश्वासन दिया है कि वह तिथि बढ़ाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे।'' केंद्र ने सभी वक्फ संपत्तियों की 'जियो-टैगिंग' के बाद एक डिजिटल सूची बनाने के लिए बीते छह जून को एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम केंद्रीय पोर्टल शुरू किया था। 'उम्मीद' पोर्टल के प्रावधान के अनुसार, देश भर में सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों का विवरण अनिवार्य रूप से छह महीने के भीतर अपलोड किया जाना है। पंजीकरण के लिए छह महीने की मियाद शुक्रवार को खत्म हो रही है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़ के बाद छह और नक्सलियों के शव मिले; संख्या बढ़कर 18 हुई

**बीजापुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद बृहस्पतिवार सुबह तक छह अन्य नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इलाके में अभियान अभी भी जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इस मुठभेड़ में राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवानों की भी मृत्यु हुई है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि करीब 12 घंटे तक रुक-रुक कर हुई गोलीबारी



के बाद, बुधवार देर शाम तक 12 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। सुंदरराज ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान के दौरान बृहस्पतिवार सुबह तक छह और शव बरामद किए गए और इसके साथ ही मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या 18 हो गई। उन्होंने बताया कि इलाके में अभियान अब भी जारी है। सुंदरराज ने बताया कि अभियान में दंतेवाड़ा और बीजापुर के डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के जवान शामिल हैं।

## मस्जिदों, मदरसों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएं : भाजपा सांसद अरुण गोविल

**नयी दिल्ली :** भाजपा सांसद अरुण गोविल ने मस्जिदों और मदरसों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की बृहस्पतिवार को मांग करते हुए कहा कि ये भी बड़े सार्वजनिक और सामुदायिक स्थल हैं, जहां सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि वर्तमान में देशभर में मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे, कॉलेजों, अस्पतालों, बाजारों और अधिकांश सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके हैं। गोविल ने कहा कि ये कैमरे पारदर्शिता, सुरक्षा और अपराध निरोध में महत्वपूर्ण साबित हुए हैं, ''लेकिन मस्जिदों और मदरसों में अब भी यह व्यवस्था लागू नहीं है'' जबकि ये भी बड़े सार्वजनिक और



सामुदायिक स्थल हैं, जहां सुरक्षा सुनिश्चित करना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''इस्लाम धर्म के जन्म स्थान सउदी अरब के मक्का और मदरसों में सुरक्षा कारणों से सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं। यदि वहां सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह व्यवस्था अपनाई जा सकती है तो भारत में समान सुरक्षा मानकों को लागू करने में संकोच क्यों है?''

### एनआईए ने हथियार तस्करी मामले में कई राज्यों में छापेमारी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को हथियार एवं गोला-बारूद तस्करी के मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार सहित तीन राज्यों में कई स्थानों पर व्यापक छापेमारी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एनआईए की 22 टीम ने बिहार के नालंदा, शेखपुरा और पटना जिलों में सात स्थानों, उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में 13 स्थानों और हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में दो स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। बयान में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में विभिन्न बोर के हथियार और गोला-बारूद, एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, आपत्तिजनक डेटा वाले कई डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्जी और संदिग्ध पहचान दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। जांच एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाशी के बाद एनआईए ने पटना से शशि प्रकाश, शेखपुरा से रवि रंजन सिंह और कुरुक्षेत्र से विजय कालरा और कुश कालरा को अवैध गोला-बारूद की तस्करी, बिक्री और खरीद में शामिल बड़े गिरोह में उनकी सक्रिय भागीदारी के आरोप में गिरफ्तार किया। मामले में एनआईए की जांच के अनुसार, साजिश के तहत गोला-बारूद की तस्करी हरियाणा से उत्तर प्रदेश में की जा रही थी, और फिर उसे बिहार तथा देश के अन्य हिस्सों में पहुंचाया जा रहा था। यह मामला इस वर्ष जुलाई में बिहार में शुरू हुआ था, जहां स्थानीय पुलिस ने कई हथियार और गोला-बारूद जब्त करने और बरामदगी के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान राजेंद्र प्रसाद, कुमार अभिजीत, शत्रुधन शर्मा और विशाल कुमार के रूप में हुई थी। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर अगस्त में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए अपनी जांच जारी रखे हुए है।

## पंजीकरण अधिकारी मतदाताओं की नागरिकता तय नहीं कर सकते; न्यायालय को बताया गया

**नयी दिल्ली :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मामले में सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय को बृहस्पतिवार को बताया गया कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को मतदाताओं की नागरिकता तय करने की शक्ति नहीं है और निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में गंभीर प्रक्रियागत खामियां, पारदर्शिता की कमी और नागरिकता निर्धारण से जुड़े मामलों में अधिकारों का अतिक्रमण देखने को मिला है। देश के अलग-अलग राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के भारत निर्वाचन आयोग के फैसले का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं की शीर्ष अदालत में पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने यह बात रखी । अलग-अलग फैसलों का ज़िक्र करते हुए, प्रशांत भूषण ने कहा, ''यह बहुत साफ है कि नागरिकता तय करना ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) का काम नहीं है। अगर उन्हें किसी व्यक्ति की नागरिकता पर शक होता है, तो वह इसे संबंधित अधिकारियों को भेज सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि ईआरओ को संदिग्ध नागरिकों का मामला संबंधित अधिकारियों को भेजते समय संदेह का कारण दर्ज करना होगा और उन्हें अधिकारियों के फैसले का इंतजार करना होगा।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को भारत के विकास के लिए परिवर्तनकारी बताया

**बिलासपुर :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा को लागू करना देश के विकास के लिए परिवर्तनकारी साबित होगा। देश में एक साथ चुनाव को लेकर केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष रहे कोविंद आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल होने से पहले रायपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। इस दौरान कोविंद ने जोर देकर कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने से प्रशासनिक संसाधन बचेंगे और शिक्षा व्यवस्था में बार-बार होने



वाली रुकावटों को रोका जा सकेगा। देश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है, जिसके बाद सरकार ने 2024 में लोकसभा में दो संबंधित विधेयक पेश किए। उन्होंने कहा कि दोनों विधेयक अब संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिए गए हैं, जो उनकी जांच कर रही है। कोविंद ने कहा कि हर साल राज्यों में बार-बार होने वाले चुनाव प्रशासनिक संसाधन, खासकर शिक्षकों पर भारी बोझ डालते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं मीडिया के ज़रिए अपने देशवासियों को बताना चाहता हूं कि अगर यह अवधारणा (एक राष्ट्र, एक चुनाव) देश में लाई जाती है, तो यह परिवर्तनकारी साबित होगी। भारत के विकास के लिए परिवर्तनकारी होगी।

# दिल्ली सरकार नौ ज्यादा प्रदूषण वाली जगहों पर 305 'मिस्ट स्प्रेयर' लगाएगी: मुख्यमंत्री गुप्ता



**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 'मिस्ट स्प्रे' तकनीक को लागू करने के मकसद से एक व्यापक योजना तैयार कर रही है। गुप्ता ने आईटीओ पर स्थापित 'मिस्ट स्प्रेयर' का निरीक्षण किया और कहा कि दिल्ली के नौ प्रमुख प्रदूषण स्थलों पर 305 मिस्ट स्प्रेयर स्थापित करने का काम किया जा रहा है। 'मिस्ट स्प्रेयर' मुख्य रूप से धूल को हवा में फैलने से रोकने के लिए पानी के सूक्ष्म कणों का छिड़काव करता है जिससे धूल के कण नीचे बैठ जाते हैं। गुप्ता ने कहा कि 'मिस्ट' प्रौद्योगिकी को प्रदूषण के खिलाफ एक प्रभावी समाधान के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कुछ क्षेत्रों में 'मिस्ट स्प्रेयर' के परीक्षणों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''हम दिल्ली की सभी सड़कों पर 'मिस्ट स्प्रे' मशीन लगाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार कर रहे हैं।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज, आईएमडी ने पांच दिसंबर को शीतलहर की चेतावनी दी

प्रदूषण में कई दिनों तक तेज वृद्धि और गिरावट दर्ज किये जाने के बाद, राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार शाम को एक बार फिर ''बहुत खराब'' श्रेणी में पहुंच गई, जिससे सुबह की अल्पकालिक राहत खत्म हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 304 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, सुबह के समय शहर की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार दर्ज किया गया था और यह आंकड़ा 299 रहा, लेकिन दोपहर बाद वायु गुणवत्ता स्तर फिर से 'बहुत खराब' हो गया।

## एनएफआर ने धूमडांगी में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम किया चालू

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने कटिहार मंडल के धूमडांगी स्टेशन पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम सफलतापूर्वक चालू कर एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में स्थित इस स्टेशन पर स्थापित नया सीमेंस एमके-खख ईआई सिस्टम पुराने पैनल इंटरलॉकिंग की जगह लेता है, जिससे सिग्नलिंग व्यवस्था अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और तेज हो गई है। यह अपग्रेड रेलवे परिचालन को और अधिक डिजिटल, स्वचालित और मजबूत बनाने में मदद करेगा। नए सिस्टम में 45 रूट, 33 ट्रैक सर्किट, 9 मेन सिग्नल, 8 स्वतंत्र शंट सिग्नल, 2 डमी शंट सिग्नल, 16 प्वाइंट तथा 2 मुख्य एफएनमुक्स यूनिट के साथ ऑटो सेक्शन प्रदर्शित



करने के लिए 2 नॉन-वाइटल यूनिट शामिल हैं। लेवल क्रॉसिंग नंबर एनसी-26, एनसी-29 और एनसी-31 पर पहले से मौजूद मैनुअल लिफ्टेड बैरियर को भी इलेक्ट्रिकली लिफ्टेड बैरियर से बदल दिया गया है, जिससे सुरक्षा मानकों में और सुधार हुआ है। कमीशनिंग के बाद ट्रेन संचालन सुचारू रूप से शुरू हो गया। 3 दिसंबर 2025 को रात 01:32 बजे 12345 अप सराईघाट एक्सप्रेस और 01:34 बजे 15648 डाउन मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस धूमडांगी से बिना किसी बाधा के गुज़रीं, जिससे सिस्टम की कार्यक्षमता प्रमाणित हो गई। यह कदम रेलवे के सतत आधुनिकीकरण और यात्रियों व माल ढुलाई सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एनएफआर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुषंगी कंपनी ने सीआईई ऑटोमोटिव में 3.58 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नयी दिल्ली:** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की अनुषंगी कंपनी ने सीआईई ऑटोमोटिव एस ए में 3.58 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 11.9 करोड़ यूरो में बेच दी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महिंद्रा ओवरसीज इन्वेस्टमेंट कंपनी (मॉरीशस) लिमिटेड ने अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच दिया है, जो सीआईई ऑटोमोटिव एसए के शेयरों का 3.58 प्रतिशत है।

### डायमंड पावर को अदाणी ग्रीन एनर्जी से 748 करोड़ रुपये का मिला ठेका

**नयी दिल्ली:** डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को अदाणी ग्रीन एनर्जी से खावड़ा एवं राजस्थान परियोजनाओं के लिए 747.64 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। नियामकीय सूचना के अनुसार, यह आपूर्ति जनवरी 2026 से दिसंबर 2026 के बीच की जाएगी। कंपनी ने कहा, 'हमारी कंपनी को अदाणी ग्रीन एनर्जी से खावड़ा और राजस्थान परियोजनाओं के लिए 33 किलोवाट की 2126 किलोमीटर एचवी केबल और 3.3 किलोवाट की 3539 किलोमीटर सौर एमवी केबल की आपूर्ति के लिए 747.64 करोड़ रुपये का ठेका मिला है जिसमें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) शामिल नहीं है।'

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरा, 26 पैसे मजबूत होकर 89.89 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपनी रिकॉर्ड गिरावट से उबरने में सफल रहा। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे मजबूत होकर 89.89 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये के मूल्य में यह तेजी मुख्य रूप से डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा बाजार में संभावित हस्तक्षेप की वजह से आई।

# भारत-रूस व्यापार को और अधिक संतुलित बनाने की जरूरत: गोयल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने तथा इसे और अधिक संतुलित बनाने की दिशा में काम करने के व्यापक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता वस्तुएं, खाद्य उत्पाद, मोटर वाहन, ट्रैक्टर, भारी वाणिज्यिक वाहन, स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक कल-पुर्जे और वस्त्र भारत से रूस को निर्यात बढ़ाने की क्षमता रखने वाले में क्षेत्रों में शामिल हैं। गोयल ने उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में कहा द्विपक्षीय व्यापार 70 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच रहा है 'लेकिन हम आराम से नहीं बैठ सकते, हमें आगे बढ़ना होगा और संतुलन बनाना होगा।' भारत का रूस को निर्यात 2024-25 में 4.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जबकि




आयात 63.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। इससे व्यापार घाटा करीब 59 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। दोनों पक्षों ने 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सेवा क्षेत्र में भी रूस को बड़ी पेशकश कर सकता है। रूसी संघ के राष्ट्रपति कार्यालय के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मैक्सिम ओरेश्किन ने बैठक में कहा कि रूस के आयात में भारत की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। ओरेश्किन ने कहा कि अधिक संतुलित व्यापार के लिए इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत छह प्रमुख क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ा सकता है जिनमें कृषि, औषधि, दूरसंचार उपकरण, औद्योगिक कल-पुर्जे एवं मानव संसाधन शामिल हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि भारतीय व्यवसाय रूस को निर्यात बढ़ा सकें।

### भारत, कनाडा ने व्यापार समझौते पर बातचीत की रूपरेखा, तौर-तरीकों पर चर्चा की

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने बुधवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की रूपरेखा, उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्ष हाल ही में इस समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'कनाडा के साथ व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री सिद्धू के साथ सार्थक बातचीत हुई। हमने सीईपीए वार्ता शुरू करने की तैयारियों के तहत समग्र दृष्टिकोण, रूपरेखा, व्यापक उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर शुरुआती और व्यापक चर्चा की।'

## सीतारमण ने रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री से की मुलाकात, आपसी हित के मुद्दों पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मेंटुरोव के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जिसमें निवेश, बैंकिंग और वित्त सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और रूस दोनों ने पांच दिसंबर, 2025 को होने वाले आगामी 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन से मजबूत परिणामों की उम्मीद जताई है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री ने ब्रिक्स समूह की आगामी अध्यक्षता के लिए भारत को मजबूत समर्थन दिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार शाम को भारत दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे। वह भारत-रूस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिरकत करेंगे।

## आईटी, प्रौद्योगिकी शेयरों के दम पर गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 158 अंक चढ़ा

**मुंबई:** घरेलू शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को थम गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 158 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी एक बार 26,000 के स्तर के ऊपर पहुंच गया। बीएसई का 30-शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक यानी 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 380 अंक से अधिक चढ़कर 85,487.21 तक चला गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 47.75 अंक



बढ़कर 26,033.75 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में करीब 613 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई थी जबकि निफ्टी लगभग 230 अंक यानी 0.8 प्रतिशत टूटा था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ट्रेंट में मुख्य रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, मारुति, इटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का सिलसिला जारी है। बुधवार को एफआईआई ने 3,206.92 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,730.41 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

## रूसी बैंक 'स्बेरबैंक' भारत में तीन वर्ष में करेगा करीब 10 करोड़ डॉलर का निवेश: सीईओ

**नयी दिल्ली:** रूस के सबसे बड़े बैंक 'स्बेरबैंक' ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में अपने कारोबार का धीरे-धीरे विस्तार करने की योजना बना रहा है और अगले तीन वर्ष में यहां करीब 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। 'स्बेरबैंक' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं चेयरमैन हरमन ग्रेफ ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमारे पास यहां पूर्ण बैंकिंग लाइसेंस है। हम अगले तीन वर्ष में चरणबद्ध तरीके से अपने कारोबार का विस्तार करेंगे। हम बी2बी कारोबार को बढ़ाएंगे और बी2सी (व्यवसाय से उपभोक्ता) खंड में प्रवेश करेंगे।' वर्ष 2010 में अपना परिचालन शुरू करने वाले इस बैंक ने आरबीआई से 10 शहरों में 10 शाखाएं खोलने के लिए लाइसेंस मांगा है। उन्होंने कहा, 'हमने भारत के केंद्रीय बैंक से कार्यालय खोलने के लिए 10 शाखा लाइसेंस देने का अनुरोध किया है।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 600 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 900 रुपये की नरमी

**नयी दिल्ली:** कमजोर वैश्विक रुख और फेडरल रिजर्व की अगले हफ्ते होने वाली नीतिगत बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का दाम 600 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। वहीं, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 900 रुपये टूटकर 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) रह गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,80,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अगले हफ्ते फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के नीतिगत फैसले से पहले बाजार प्रतिभागियों की ओर से खरीदारी के अभाव और सजग रवैये के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।'

### एफपीआई ने सिर्फ चार दिनों में भारतीय बाजार से 13,121 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली:** विदेशी निवेशकों ने दिसंबर के पहले चार दिनों में ही भारतीय शेयर बाजार से कुल 13,121 करोड़ रुपये (1.46 अरब डॉलर) निकाल लिए जिससे वर्ष 2025 में उनकी कुल निकासी 1.56 लाख करोड़ रुपये (17.8 अरब डॉलर) हो गई है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों में बृहस्पतिवार में यह जानकारी दी गई। भारतीय बाजार से यह तेज निकासी नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी के बाद हुई, जिससे बाजार पर दबाव बना हुआ है। अक्टूबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14,610 करोड़ रुपये निवेश करके थोड़ी राहत दी थी।

### रिलायंस, टीसीएस, इन्फोसिस के संचार एवं विपणन प्रमुख 'प्रोवोक' की वैश्विक सूची में शामिल

**नयी दिल्ली:** रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस सहित करीब छह शीर्ष कंपनियों के संचार एवं विपणन प्रमुखों को 'प्रोवोक मीडिया' 2025 की वैश्विक 100 प्रभावशाली औद्योगिक हस्तियों की सूची में शामिल किया गया है। इस सप्ताह जारी सूची में रिलायंस के समूह संचार प्रमुख रोहित बंसल, इन्फोसिस के वैश्विक मुख्य विपणन अधिकारी सुमित विरमानी, टीसीएस के वैश्विक मुख्य विपणन अधिकारी अभिनव कुमार, वेदांता की समूह संचार निदेशक रितु झिंगन, गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के मुख्य संचार अधिकारी सुजीत पाटिल और जिंदल स्टील की कॉरपोरेट ब्रांड एवं संचार प्रमुख अर्पणा कुमार आहूजा ने शामिल है। लंदन स्थित प्रोवोक मीडिया ने अपनी वेबसाइट पर दी जानकारी में कहा, ''इन्फ्लुएंस-100 दुनिया भर में सर्वाधिक प्रभावशाली 'इन-हाउस' संचारकों की वार्षिक सूची है। ये वरिष्ठ संचार, कॉरपोरेट मामले एवं विपणन अधिकारी हैं जिनके निर्णय प्रतिष्ठा, एजेंसी साझेदारी एवं सार्वजनिक सहभागिता को प्रभावित करते हैं।'

### आरबीआई शुक्रवार को करेगा मौद्रिक नीति की घोषणा, रेपो दर में कटौती पर निगाहें

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में लिए गए निर्णयों की घोषणा करेगा। विशेषज्ञों ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती किए जाने की उम्मीद जताई है। आरबीआई की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के मुताबिक, गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करेंगे। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर एमपीसी की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी। यह बैठक घटती मुद्रास्फीति, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तेज वृद्धि, डॉलर के मुकाबले रुपये के 90 के पार जाने और मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों की पृष्ठभूमि में हो रही है। खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट के बीच आरबीआई ने फरवरी से रेपो दर में तीन किस्तों में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है।

*"Her gentle presence was our quiet strength, and her love will remain our guiding light."*

With profound sorrow, we announce the demise of

**Smt. Krishna Neotia**

wife of **Late Shri Vinod Neotia** and

beloved mother of **Shri Harshavardhan Neotia**

Her kindness, warmth, and gentle presence shaped our lives with quiet grace, and her absence leaves a void that words cannot fill

*The values she lived with, and the love she shared, will continue to guide us forever*

**In loving remembrance:**

Gayatri Neotia
Harshavardhan & Madhu Neotia
Smriti & Gautam Morarka
Shraddha Neotia
Parthiv & Mallika, Paroma
Priyanka, Pranay, Ishani & Kartikeya
and the extended Ambuja Neotia Parivaar

**Prayer Meet**

**7th December | 4:00–5:30 PM**

**Residence: 7/2 Queens Park, Ballygunge, Kolkata –700 019**



*In Loving Memory*

**SMT. KRISHNA NEOTIA**

**(24th January 1941 – 2nd December 2025)**

AmbujaNeotia

वर्ष 10, पूर्णांक 3433 अंक 243, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in